हिन्दी दैनिक
# तीसरा विकल्प न्यूज़
UPHIN50812
(लखनऊ से प्रकाशित)
वर्षः- 01, अंकः-311, पृष्ठः-08, मूल्यः- 2 रु.
लखनऊ, सोमवार 29 अप्रैल 2024



साल के अंत तक किसानों के कर्ज माफ होंगेः...02

प्राथमिक शिक्षक संघ ने सेवानिवृत्त हुये 65 शिक्षकों को...06

# सपा के लोग माफिया की मौत पर बहाते हैं आंसू, फातिहा भी पढ़ते हैं: मुख्यमंत्री योगी

### देश-प्रदेश को दंगों की आग में झोकना चाहती है कांग्रेस-सपा

सीएम ने कहा कि कांग्रेस व सपा देश-प्रदेश को दंगों की आग में झोकना चाहती है। यह लोग विकास में बैरियर हैं। देश के विकास में किसी को बैरियर नहीं बनने देना है। कांग्रेस चाहती तो आजादी के तत्काल बाद राम जन्मभूमि के निर्माण का कार्य प्रशस्त हो गया होता, लेकिन यह राम के अस्तित्व पर सवाल उठाते रहे। हमारे आराध्य को अपनी जन्मभूमि के लिए प्रमाण जुटाने पड़े, लेकिन सच कोई झूठला नहीं सकता। आखिरकार मंदिर बना और राम जी अपने दिव्य मंदिर में विराजमान हुए।

### माफिया से यह लोग नहीं निपट पाएंगे

सीएम ने विपक्षियों को घेरते हुए जनता से पूछा कि क्या यह लोग माफिया से निपटने का काम कर पाएंगे, जवाब मिला-नहीं। सीएम ने कहा कि यह लोग दंगाइयों व माफिया को गले का हार बनाकर घूमते थे। भाजपा सरकार है कि माफिया गले में तख्ती लगाकर घूम रहा है कि साहब, एक बार जान बख्श दो। माफिया को मेहनत करना सिखाओ, वरना कमजोरों को तबाह, नौजवानों को तमंचा देंगे, लेकिन हमें उसके हाथ में टैबलेट देना है। हमें व्यापारी से रंगदारी वसूली करने वाले नहीं, स्वनिधि देने वाली सरकार चाहिए। स्वामित्व योजना में मालिकाना हक देने वाली सरकार चाहिए।



**बरेली, संवाददाता।** बरेली के आंवला में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को सुभाष इंटर कॉलेज ग्राउंड में जनसभा कर आंवला लोकसभा क्षेत्र के मतदाताओं से संवाद किया। सीएम ने इस सीट से सांसद व भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी धर्मेंद्र कश्यप को पुनः दिल्ली में भेजने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आंवला के ऐतिहासिक महत्व से अपना संवाद शुरू किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दस वर्ष में बदले भारत की तस्वीर रखी तो विपक्षियों के इंडी गठबंधन पर भी करारा प्रहार किया। सीएम ने कहा कि सत्ता से वंचित होने के बाद सपा-कांग्रेस, बसपा के लोग ऐसे तड़प रहे हैं, जैसे बिन पानी मछली तड़पती है। सीएम ने कहा कि कभी यक्ष ने धर्मराज युधिष्ठिर से 1०० प्रश्न पूछे थे। हम सपा, बसपा व कांग्रेस से 1० प्रश्न पूछना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि कांग्रेस को 6०-65 वर्ष, सपा-बसपा ने प्रदेश में तीन से चार बार शासन किया, फिर भी इन्होंने समस्याएं पैदा कीं। हम पूछना चाहते हैं कि देश के सामने पहचान, सुरक्षा का संकट पैदा करने वाले कौन हैं। देश को विकास से वंचित करने, भूखमरी से हुई मौतों का दोषी कौन, अन्नदाता किसानों की मौत का जिम्मेदार कौन, सपा-बसपा व कांग्रेस सरकार में तुष्टिकरण की घातक नीति के कारण हुए दंगे, निर्दोषों की मौत और व्यापारियों के नुकसान का दोषी कौन, भ्रष्टाचार के कारण भारत के बाधित विकास का दोषी कौन, बेरोजगारी के कारण 2०14 के पहले पलायन करने वाले नौजवानों के जीवन से खिलवाड़ करने का दोषी कौन, बिजली-पानी से जनता को वंचित करने का दोषी कौन। इतने दशकों तक शासन करने के बाद भी कांग्रेस, सपा व बसपा ने आस्था से खिलवाड़ किया, इसका दोषी कौन है। सीएम ने कहा कि मुलायम सिंह की मृत्यु पर हम लोग लखनऊ व सैफई गए थे, लेकिन उप्र के विकास व रामजन्म भूमि के लिए कल्याण सिंह का जीवन समर्पित रहा। सपा के मुख से उनके लिए संवेदना के एक भी शब्द नहीं फूटे, लेकिन यह लोग माफिया के मरने पर फातिहा पढ़ने गए थे। ऐसे लोगों को सत्ता में आने का अधिकार नहीं है।

### सपा ने इतनी बार उम्मीदवार बदले, लगता है हार मान ली, चाचा ने तो पलायन कर लिया

**बदायूं।** बदायूं में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी को निशाने पर लेते हुए कहा कि जो लोग ईश्वरी ताकत को चुनौती देते हैं उनका पतन तय है। उन्होंने कहा कि सपा ने लोकसभा चुनाव का मजाक बनाकर रख दिया है। सपा द्वारा बार-बार अपने प्रत्याशियों को बदलना ये दिखाता है कि अखाड़ा सजने से पहले ही इन लोगों ने हार मान लिया है। मुख्यमंत्री ने कांग्रेस को उसके मेनिफेस्टो के आधार पर आड़े हाथ लेते हुए कहा कि कांग्रेस देश के खिलाफ हिडेन एजेंडे पर काम कर रही है। सीएम योगी रविवार को बिल्सी में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी और क्षेत्रीय अध्यक्ष दुर्विजय शाक्य के लिए विशाल जनसभा को संबोधित कर रहे थे। योगी ने कहा कि पहले के पीएम अयोध्या जाने से संकोच करते थे।

### जाति के सौदागरों को जनता से कोई मतलब नहीं

सीएम ने कहा कि जाति के सौदागर जाति के नाम पर आपके बीच आएंगे। वे परिवार का पेट भरेंगे, उन्हें जनता से कोई मतलब नहीं। बाबा साहेब ने संविधान बनाते समय कहा था कि धर्म के आधार पर आरक्षण का लाभ नहीं मिलेगा, आरक्षण का लाभ अनुसूचित जाति, जनजाति व पिछड़ी जाति को मिलेगा, लेकिन कांग्रेस की इस पर बुरी दृष्टि है। आप इन्हें हिंदुओं के हक पर डकैती डालने की छूट न दीजिए। इनकी कुदृष्टि आपकी संपत्ति पर है।

### अपीलः जो देश के साथ, आप उसके साथ रहें

सीएम ने आह्वान किया कि मोदी ने देश को सुरक्षा व विकास का विजन दिया है। सुरक्षा की गारंटी केवल भाजपा ही दे सकती है। किसी के बहकावे में न आएं, जो देश के साथ है-आप उसके साथ रहें। देश, सुरक्षा व वोट आपका है तो सरकार भी आपकी होनी चाहिए। देश से बढ़कर कोई भी नहीं है।

### मोदी जी सरकार चलाएंगे, विरोधियों से कह दो 5-1० साल फातिहा पढ़ लें: योगी



**एटा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को जलेसर के एमजीएम इंटर कॉलेज में चुनावी सभा के दौरान विपक्षियों पर जमकर प्रहार किए। लोगों को बार-बार अयोध्या की याद दिलाते हुए मंदिर का श्रेय लिया। तो कांग्रेस को आतंकवाद के मामले पर विफल ठहराया। सीएम के भाषणा की शुरूआत अयोध्या से ही हुई, कहा कि रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का श्रेय मोदी जी को जाता है। कांग्रेस को 65 वर्ष तक शासन करने का अवसर प्राप्त हुआ। सपा, बसपा ने भी लंबे समय तक शासन किया। लेकिन न जलेसर की सुध ली और न रामलला के मंदिर की। कांग्रेस ने कहा राम तो हैं ही नहीं। राम भक्त कहते थे रामलला हम आएंगे, सपा कहती थी परिंदा भी पर नहीं मार सकता। अब वहां वहां लाखों भक्त प्रतिदिन आ रहे। रामलला ने होली भी खेली, 5०० वर्षों बाद अपना पावन जन्मोत्सव मनाया है। साक्षात भगवान सूर्यदेव ने भी रामनवमी के दिन सूर्य किरणों से उनका तिलक किया। श्रेय लेते हुए फिर कहा, यह अवसर भाजपा के कारण आया है। कांग्रेस, सपा, बसपा के लोग कभी नहीं चाहते थे कि अयोध्या में रामलला विराजमान हों। ये आपकी आस्था, देश की सुरक्षा के साथ खेलने वाले लोग हैं। कांग्रेस गठबंधन का घोषणा पत्र कहता है कि हम भारत के अंदर व्यक्तिगत कानून लागू करेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### मणिपुर के कांगपोकपी में गोलीबारी, 1 की मौत

**इम्फाल, एजेंसी।** मणिपुर के कांगपोकपी जिले के कांगचुप हिल रेंज में दो गुटों के बीच शनिवार रात से शुरू हुई गोलीबारी रविवार सुबह भी जारी है। इसमें 1 विलेज वॉलंटियर की मौत हो गई है। पुलिस ने बताया कि एक गुट के 12 लोगों ने पहाड़ी इलाके से एक साथ गांव पर ओपन फायरिंग की। उन्होंने मोर्टार भी दागे। जवाब में गांववालों ने भी फायरिंग की। पुलिस अधिकारी ने कहा- कॉर्तुक गांव में गोलीबारी के बाद आसपास के गांव में भी फायरिंग हुई। घरों में गोलियों के निशान साफ देखे जा सकते हैं। महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित जगह तक पहुंचाया गया है। गोलीबारी में मारे गए वॉलंटियर का नाम लमांग किपगेन है। वह कांगपोकपी के मालसोंग गांव का रहने वाला है। शनिवार देर रात उसे गोली लगी थी। रविवार सुबह अस्पताल में उसकी मौत हो गई।

### फ्रांस के साथ भी रणनीतिक साझेदारी बढ़ा रहा भारत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत के सीडीएस अनिल चौहान बीते हफ्ते फ्रांस के अहम दौरे पर रहे। सीडीएस का फ्रांस दौरा शनिवार को समाप्त हो गया। इस दौरान सीडीएस ने फ्रांस की शीर्ष रक्षा कंपनियों दसॉल्ट एविएशन, सफरान और नेवल ग्रुप का दौरा किया। भारत की सैन्य क्षमताओं के निर्माण के उद्देश्य से सीडीएस का फ्रांस दौरा अहम है। रविवार को रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर कहा कि चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान का फ्रांस दौरा पूरा हो गया है, जो भारत की फ्रांस के साथ दीर्घकालिक रणनीतिक साझेदारी की पुष्टि करता है। भारत, फ्रांस से 26 राफेल (मरीन जेट) लड़ाकू विमानों के साथ ही तीन स्कॉर्पीन पनडुब्बियों की खरीद कर रहा है। बीते साल जुलाई में भारत के रक्षा मंत्रालय ने इस सौदे को मंजूरी दी थी।

## चीन के साथ बातचीत सुचारू रूप से चल रही है, भारत कभी नहीं झुकेगा: राजनाथ सिंह



**अहमदाबाद, एजेंसी।** भारत सैन्य रूप से एक शक्तिशाली देश बन गया है। हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं। यह कहना है कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का। अहमदाबाद में उन्होंने एक चुनावी कार्यक्रम को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने राहुल गांधी द्वारा चीन को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए कहा कि भारत और चीन के बीच बातचीत सुचारू रूप से चल रही है। भारत कभी नहीं झुकेगा। मुझे लगता है कि हमें बातचीत के नतीजों का इंतजार करना चाहिए। मैं देश के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि भारत न कभी कहीं झुका है और न ही झुकेगा। केंद्रीय मंत्री ने विश्वास जताया कि भारत का रक्षा निर्यात आने वाले समय में और बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि 21०4 में हमने 6०० करोड़ की रक्षा सामाग्री निर्यात की थी लेकिन आज 2०23-24 में यह आंकड़ा 21 हजार करोड़ रुपये को पार कर गया है। मैं कह सकता हूं कि यह अभी और बढ़ेगा। मोदी सरकार इस बात के लिए प्रतिबद्ध है कि रक्षा वस्तुएं फिर चाहे वह मिसाइल हो, बम हो, टैंक हो या फिर कोई अन्य हथियार वह सिर्फ भारत में और भारतीयों द्वारा ही बनाई जानी चाहिए। मई 2०2० में चीन की सैन्य घुसपैठ के चलते गलवान घाटी में विवाद बढ़ा, जो दशकों में भारत और चीन के बीच सबसे गंभीर सैन्य विवाद था। चीनी सेना के मुताबिक, दोनों पक्ष अब तक चार बिंदुओं गलवान घाटी, पैंगोंग झील, हॉट स्प्रिंग्स और जियानान दबन (गोगरा) पर पीछे हटने पर सहमत हुए हैं, जिससे सीमा पर तनाव कम करने में मदद मिलेगी। लेकिन देपसांग और डेमचोक में एक समान समझौते पर पहुंचने को लेकर बातचीत में गतिरोध आ गया, जहां भारतीय पक्ष ने दो लंबित मुद्दों के समाधान के लिए दबाव डाला।

## मोदी बोले, कांग्रेस हार वाले भाषण की ड्राफ्टिंग कर रही है

### पहले ईवीएम का मुद्दा उठाते थे, अब सुप्रीम कोर्ट ने चांटा मारा तो असमंजस में हैं



**बेंगलुरु, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार 28 अप्रैल को कर्नाटक दौरे पर थे। उन्होंने बेलगावी, उत्तर कन्नड़, दावणगेरे और बेल्लारी में सभाएं की। मोदी ने कहा कि ये (कांग्रेस, विपक्ष) पहले जब भी हार जाते थे तो ईवीएम की टोपी पहना देते थे। चुनाव आते ही दिन-रात ईवीएम की माला जपते रहते थे। अब परसों (26 अप्रैल को) सुप्रीम कोर्ट ने ऐसा चांटा मारा कि वे असमंजस में हैं कि अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं को सांत्वना देने के लिए क्या कहेंगे...। अब पूरी कांग्रेस इसकी ड्राफ्टिंग में लगी है कि चुनाव हार जाएं तो क्या बयान देना है। प्रधानमंत्री ने ये भी कहा- कांग्रेस के शहजादे को हमारे राजा-महाराजाओं के योगदान याद नहीं आते। ये वोटबैंक की राजनीति के लिए राजा-महाराजाओं के खिलाफ बोलने की हिम्मत करते हैं और नवाबों, बादशाहों और सुल्तानों के खिलाफ एक शब्द बोलने की ताकत नहीं है। कांग्रेस को देश की उपलब्धियां अछी नहीं लगती। कोरोना वैक्सीन पर भी सवाल उठाए थे। उन्होंने कहा- तुष्टिकरण ही कांग्रेस का लक्ष्य और मिशन है। पीएफआई एक राष्ट्र विरोधी संगठन जिसे हमारी सरकार ने प्रतिबंधित कर दिया था, कांग्रेस अपने राजनीतिक फायदे के लिए एक माध्यम के रूप में इसका इस्तेमाल कर रही है। वायनाड (राहुल गांधी की संसदीय सीट) में सिर्फ एक सीट जीतने के लिए कांग्रेस ऐसे आतंकी संगठन का बचाव करने में जुटी है। शाम को मोदी बेल्लारी में जनसभा करेंगे। भारत जब मजबूत होता है तो हर भारतीय खुश होता है लेकिन कांग्रेस देशहित से इतना दूर हो चुकी है कि उसे देश की उपलब्धियां अछी नहीं लगती। भारत की हर सफलता पर उन्हें शर्म आने लगी है। उन्होंने ईवीएम के बहाने पूरी दुनिया में भारत को बदनाम करने की कोशिश की। पीएम ने हुबली के एक कॉलेज में 18 अप्रैल को कांग्रेस पार्षद की बेटी नेहा की हत्या की भी चर्चा की। नेहा को सरेआम फयाज ने चाकू मारकर हत्या कर दी थी। उन्होंने कहा- हुबली में कॉलेज कैंपस में जो हुआ उसने देश में भूचाल ला दिया है, उस बेटी का परिवार एक्शन की मांग करता रहा लेकिन कांग्रेस की सरकार तुष्टिकरण के दबाव को ही प्राथमिकता देती है। उन्हें अपने वोट बैंक की चिंता है। प्रधानमंत्री ने बेंगलुरु के कैफे में हुए बम धमाके का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा- बेंगलुरु के कैफे में धमाका हुआ तो भी कांग्रेस की सरकार में गंभीरता नहीं आई, उन्होंने यहां तक कह दिया कि गैस का सिलेंडर फटा होगा। कांग्रेस देश की जनता के आंखों में धूल क्यों झोंक रही है? कांग्रेस के शहजादे का कहना है कि भारत के राजा, महाराजा अत्याचारी थे, वे गरीबों की जमीन छीन लेते थे। कांग्रेस के शहजादे ने छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी चिनम्मा का अपमान किया है।

## कांग्रेस और सीपीआई (एम) बंगाल में भाजपा की मदद कर रहे, टीएमसी मजबूती से लड़ेगी: ममता बनर्जी




**नयी दिल्ली, एजेंसी।** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने तृणमूल कांग्रेस के पश्चिम बंगाल में अकेले लोकसभा चुनाव लड़ने का जिक्र करते हुए रविवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस और माकपा राज्य में भाजपा की मदद कर रहे हैं। मालदा जिले में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए बनर्जी ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस केंद्र में नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के खिलाफ मजबूती से लड़ाई लड़ेगी और लोकसभा चुनाव के बाद 'इंडिया' गठबंधन की सरकार के गठन में अहम भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा, ''बंगाल में कांग्रेस के साथ हमारा कोई गठबंधन नहीं है। यहां माकपा का कांग्रेस के साथ गठबंधन है। दोनों भाजपा के साथ मिले हुए हैं और यदि आप (मतदाता) कांग्रेस या माकपा को वोट देते हैं तो यह भाजपा विरोधी वोट को बांटने और नरेन्द्र मोदी की मदद करने के समान है। बनर्जी ने दावा किया कि तृणमूल इस शर्त के साथ कांग्रेस के साथ सीट बंटवारे पर चर्चा करना चाहती थी कि उन्हें बंगाल में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के साथ कोई तालमेल नहीं रखना चाहिए, लेकिन उन्होंने (कांग्रेस) यह बात नहीं सुनी। उन्होंने कहा, ''पश्चिम बंगाल में कांग्रेस और माकपा के नेता भाजपा की ही बोल रहे हैं और राज्य में टीएमसी संचालित सरकार की जनहितैषी नीतियों के खिलाफ साजिश रच रहे हैं। एसएससी भर्ती के संबंध में कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश के बारे में मोदी की टिप्पणियों पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, 26,००० युवाओं ने अचानक अपनी नौकरी खो दी है।

### उत्तराखंड में आग का तांडव

## धधकते जंगलों ने वनकर्मियों के छुड़ाए पसीने, नैनीताल में अब मोर्चे पर एनडीआरएफ भी उतरी



**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में जंगल की आग ने वन विभाग कर्मचारियों के पसीने छुड़ाए दिए हैं। रविवार को गढ़वाल से कुमाऊं तक आठ जगह जंगल धधके। अपर प्रमुख वन संरक्षक निशांत वर्मा के मुताबिक, नैनीताल वन प्रभाग की बडोन और मनोरा रेंज में वन कर्मचारियों के साथ आग बुझाने के लिए राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) को तैनात किया गया है। जंगल की आग को लेकर वन विभाग की ओर से जारी रिपोर्ट के मुताबिक, गढ़वाल में वनाग्नि की दो और कुमाऊं में चार घटनाएं हुई हैं, जबकि दो घटनाएं वन्य जीव क्षेत्र की हैं। केदारनाथ वन्य जीव प्रभाग के आरक्षित वन क्षेत्र में आग की दो घटनाओं में चार हेक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में वन संपदा को नुकसान हुआ है। अलकनंदा भूमि संरक्षण वन प्रभाग में वनाग्नि की एक, लैंसडाउन वन प्रभाग में एक, चंपावत वन प्रभाग में एक और सिविल सोयम अल्मोड़ा वन प्रभाग में वनाग्नि की एक घटना सामने आई है। इसे मिलाकर राज्य में अब तक वनाग्नि की घटनाएं बढ़कर 6०6 हो गई हैं। इसमें 22० घटनाएं गढ़वाल और 333 कुमाऊं मंडल की हैं, जबकि 53 घटनाएं वन्य जीव क्षेत्र की हैं, जिससे 735 हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र प्रभावित हुआ है। जंगलों की आग के मामले में वन विभाग की ओर से शरारती तत्वों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पिथौरागढ़ में अब तक सबसे अधिक 25 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है, जिसमें दो नामजद और 23 अज्ञात शामिल हैं। इसके अलावा अल्मोड़ा वन प्रभाग में 22 अज्ञात एवं नैनीताल वन प्रभाग में 12 नामजद के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। केदारनाथ वन प्रभाग में आठ अज्ञात, टिहरी में 2० एवं उत्तरकाशी वन प्रभाग में 13 अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अब तक 196 मुकदमे दर्ज किए गए हैं। जिसमें 29 नामजद और 173 अज्ञात के खिलाफ मुकदमे हैं। वर्तमान में सभी जगहों पर जंगलों की आग नियंत्रण में है।

### उन्नाव में भीषण सड़क हादसा

## तेज रफ्तार ट्रक ने बस में मारी टक्कर, सात की मौत, 2० लोग घायल



**उन्नाव, संवाददाता।** उन्नाव-हरदोई मार्ग पर तेज रफ्तार ट्रक हरदोई की ओर जा रही मिनी बस में दाहिनी तरफ से टक्कर मारते हुए निकल गया। हादसे में चालक की तरफ का बस का आधा हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। घटना में चालक सहित सात लोगों की मौत हो गई है। इनमें दो महिलाएं और पांच पुरुष हैं। कई की हालत नाजुक है। हादसे में 2० लोग घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। गंभीर रूप से घायल छह लोगों को कानपुर हैलट और 13 घायलों को उन्नाव जिला अस्पताल रेफर किया गया है। एक घायल का सफीपुर सीएचसी में इलाज चल रहा है। ट्रक हरदोई से उन्नाव की तरफ जा रहा था और मिनी बस उन्नाव से हरदोई जा रही थी। बस के बगल से निकलते समय हादसा हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों वाहन चालकों ने पहले निकले की होड़ और एक दूसरे को साइड न देने की वजह से हादसा हुआ है। सीओ सफीपुर ऋषिकांत शुक्ला ने बताया कि ट्रक को माखी थाना पुलिस ने चालक सहित पकड़ लिया है।

## कारसेवकों पर गोलियां चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों में से किसी एक को चुनना होगा: शाह



**कासगंज, संवाददाता।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को राम मंदिर मुद्दे को लटकाए रखने के लिए विपक्ष पर निशाना साधा और कहा कि जनता को कारसेवकों पर गोलियां चलाने वालों और राम मंदिर बनाने वालों में से किसी एक को चुनना होगा। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता शाह ने यह भी कहा कि उनकी पार्टी एससी-एसटी (अनुसूचित जाति-जनजाति) वर्ग और पिछड़ा वर्ग का आरक्षण न हटाएगी और न किसी को हटाने देगी और यह 'मोदी की गारंटी' है। शाह यहां एटा संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी राजवीर सिंह के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। सभा में शाह ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी पर जमकर प्रहार किया। शाह ने कहा, दो खेमे हैं, एक खेमा राम भक्तों पर गोली चलवाने वालों का है और दूसरा खेमा राम मंदिर बनवाने वालों का। भाजपा नेता ने कहा, कांग्रेस पार्टी, राहुल बाबा और अखिलेश यादव की पार्टियों ने 7०-7० साल तक राम मंदिर के मुद्दे को लटका कर रखा, भटका कर रखा। यूपी वालों आप लोगों ने मोदी जी को दूसरी बार प्रधानमंत्री बनाया और मोदी जी ने पांच अगस्त 2०2० को भूमि पूजन किया और 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा करके जयश्रीराम कर दिया। उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा समारोह के निमंत्रण मिलने पर भी समारोह में न जाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव और राहुल गांधी को आड़े हाथों लेते हुए कहा निमंत्रण राहुल गांधी, सोनिया गांधी, कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे, अखिलेश यादव और उनकी पत्नी डिंपल यादव को भी दिया गया मगर कोई वहां नहीं गया।

### मौसम अपडेट

### कई राज्यों में गिरेगा पारा

## बदलने जा रहा है अगले 12 घंटों में मौसम, जमकर बरसेंगे बादल

### पहाड़ी इलाकों में तेज बारिश का अनुमान

मौसम विभाग के अनुमान मुताबिक रविवार शाम से जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड के ऊपरी हिस्सों में अगले 12 घंटों के भीतर न सिर्फ तेज बारिश होगी, बल्कि ऊपरी इलाकों पर बर्फबारी का भी अनुमान है।



**नयी दिल्ली, एजेंसी।** सूरज के चढ़ते पारे पर कुछ विराम लगने वाला है। दरसल उत्तर भारत के कई राज्यों में अगले 12 घंटों के भीतर बारिश होने वाली है। यह बारिश पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू कश्मीर के हिस्सों समेत दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर के कुछ हिस्सों में होगी। दरअसल बदली हुई साइक्लोनिक सर्कुलेशन की परिस्थितियों से कुछ इलाकों में कम दबाव का क्षेत्र बन रहा है। मौसम विभाग के मुताबिक इस वजह से इन इलाकों में बारिश का अनुमान लगाया जा रहा है। हालांकि कुछ राज्यों में तेज बारिश का अनुमान है। इसलिए मौसम विभाग ने किसी भी तरीके के परिस्थितियों से निपटने के लिए के उन राज्यों को आगाह किया है, जहां मौसम बदलने वाला है। मौसम विभाग के मुताबिक लगातार गर्म हवाओं और बढ़े हुए।

### दिल्ली एनसीआर में बारिश की संभावना

मौसम विभाग के वैज्ञानिकों के अनुसार अगले दो दिनों तक यानी रविवार शाम से लेकर मंगलवार की सुबह तक दिल्ली- एनसीआर समेत हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्सों में भी हल्की-फुल्की बरसात भी हो सकती है। विभाग के अनुमान के मुताबिक अगले दो दिनों में इन इलाकों में 4० से 5० किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। जबकि कुछ इलाकों में धूल भरी हवाएं और कुछ हिस्सों में तेज आंधी के साथ बारिश होगी। उत्तर भारत के इन राज्यों के अलावा राजस्थान के कुछ हिस्से में भी बारिश और तेज हवाओं का अनुमान है। मौसम विभाग ने जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड समेत लद्दाख के जिम्मेदार महत्व को बदलने वाले मौसम से अवगत करा दिया है।

## दहेज प्रथा और बाल विवाह बहिष्कार के लिए जागरुकता अभियान सह सामान समारोह

तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता झारखंड




हरिहरगंज झारखंड - नगर पंचायत अंतर्गत मोतीराज महिला कॉलेज के मैदान में कन्या विवाह एवं विकास सोसाइटी के बैनर तले दहेज प्रथा व बाल विवाह बहिष्कार के लिए जागरूकता अभियान सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता संस्था के सचिव विकास कुमार माली व संचालन डॉ नरेंद्र कुमार प्रियदर्शी ने की। मौके पर सोसाइटी के सचिव विकास ने उपस्थित लोगों से कहा कि संस्था का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह, दहेज प्रथा,भ्रूण हत्या पर रोक लगाना व सामूहिक विवाह का प्रोत्साहित करना है। इसके अलावा संस्था महिला सशक्तिकरण को लेकर दृढ़ संकलिप्त हैं। वही कार्यक्रम में मौजूद भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि समाज में जो बेटियों को बोझ समझते हैं वे अपनी बेटियों को बोझ नहीं समझें।शिविर में मुख्य अतिथियों के द्वारा दर्जनाधिक किशोरियों व महिलाओं तथा सक्रिय कार्यकर्ताओं को उपहार देकर समानित किया गया। मौके पर समाजसेवी राजीव रंजन, पूर्व जिला परिषद आशा कुमारी, अरविंद पासवान, डॉ. संजय कुमार सर्वेयर कृष्ण कुमार, संस्था के जिला महासचिव नगीना बौद्ध, कोषाध्यक्ष अंजू कुमारी, मुखिया संघ अध्यक्ष संदीप यादव, आकाश भारती, टिंकू तिवारी, अभिषेक सजन, फंटूश गुप्ता, मुरारी यादव, पवन यादव, रंजीत कुमार, संजय जायसवाल, संतोष गुप्ता, विनोद पासवान, राजकुमार रविदास टंटू मिश्रा, ज्योति कुमारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## अज्ञात कारणों से लगीं आग में गेहूं की फसल जल कर राख

**नसीराबाद-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में अज्ञात कारणों से लगीं भीषण आग में जलकर कई बीघे गेहूं की खड़ी फसल और पराली जलकर राख हो गई। छतोह ब्लॉक के ग्राम सरांय में रविवार को दिन में लगभग 11 बजे अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग गई।तेज हवा में आग की लपटों ने विकराल रूप धारण कर लिया देखते ही देखते गेहूं की खड़ी फसल को लपेट लिया। मौके पर 112 पुलिस पहुंची और फायर ब्रिगेड को भी सूचित किया गया किन्तु जब तक दमकल पहुंचती तब तक राम फेर पुत्र भुल्ली का लगभग दो बीघा गेहूं और  बंशी लाल पुत्र बैजू का लगभग सवा बीघा गेहूं जलकर राख हो गया।इसके अलावा लगभग 60 बीघा पराली जल जाने से लाखों रूपए मूल्य के भूसे का भी नुकसान हो गया। तहसील मुख्यालय सलोन में स्थित फायर स्टेशन की दूरी 35 किमी से भी अधिक होने के कारण इस क्षेत्र को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाता। अकसर सब कुछ राख होने के बाद ही फायर ब्रिगेड मौके तक पहुंचती है।

## ट्रक को ओवरटेक करते समय कार मोपेड से टकराई, पति-पत्नी की मौत

**बछरावां-रायबरेली।** रविवार दोपहर पूरे रघुराज सिंह का पुरवा थाना सरेनी निवासी होरीलाल पुत्र बाबूलाल अपनी पत्नी पवन कुमारी के साथ मोपेड पर सवार हो लालगंज की ओर जा रहे थे, तभी बांदा बहराइच हाईवे पर पश्चिम गांव के पास ट्रक को ओवरटेक कर रही कार ने उनकी मोपेड को सामने से टक्कर मार दी। हादसे में होरीलाल की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और उनकी पत्नी उछलकर खाई में जा गिरी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल पवन कुमारी को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उधर मौका पाकर कार चालक वाहन छोड़कर घटनास्थल से फरार हो गया है। तेज टक्कर के चलते मोपेड के परखच्चे उड़ गए। जानकारी प्राप्त हुई है कि, हादसे में घायल महिला की भी जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई है। थाना अध्यक्ष विजेंद्र शर्मा ने बताया कि, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। कार को कब्जे में ले लिया गया है। कार चालक की तलाश की जा रही है।

## कांग्रेस ने आयोजित की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रकोष्ठ की बैठक

**रायबरेली।** कांग्रेस कार्यालय में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित की गई। कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने जानकारी देते हुए बताया कि फ्रन्टल प्रकोष्ठ प्रभारी एवं जिला उपाध्यक्ष विजयषंकर अग्निहोत्री ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि मोदी सरकार ने दस वर्षो में सिर्फ झूठ बोला है, हिन्दू मुस्लिम, मंदिर मस्जिद के अलावा इनका कोई ऐसा कार्य नहीं है, जिनकी बदौलत यह जनता से वोट मांग सके। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष अनिल मिश्रा ने कहा कि हम सभी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार से है हमारे बाप-दादाओं ने देष की आजादी के लिए संघर्ष किया है। हम इस तरह देष को बर्बाद होते नहीं देख सकते हैं, आज संविधान को बदलने की बात सत्ता पक्ष द्वारा की जा रही है, जिसे स्वतंत्रता सेनानी परिवार कभी बर्दास्त नहीं कर सकता है।कांग्रेस प्रवक्ता महताब आलम ने बताया कि बैठक में राहुल गांधी गारंटी कार्ड भरवाये गये और संगठन की ओर से कांग्रेस की गारंटी को जन-जन तक पहुंचाने की बात कही गई।

## किसान ने खेत में फांसी लगाकर की आत्महत्या

**उरई/जालौन।** जालौन में किसान ने खेत में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। आज सुबह ग्रामीण खेत पर गए तो उन्होंने किसान को फंदे पर लटका देखा। इसके बाद परिजनों को जानकारी दी। सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को अवगत कराया। परिजनों का कहना है कि कर्ज से परेशान थे, जिसके चलते सुसाइड कर लिया। जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। घटना उरई कोतवाली क्षेत्र के ग्राम गढ़र की है। यहां के रहने वाले हीरालाल (50) खेत पर अपनी फसल की रखवाली करने रोज जाते थे। शनिवार रात को भी वह रोज की तरह घर से अपने खेत में गए। जहां फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। ग्रामीण सुबह खेत की तरफ गए तो हीरालाल को देखा। जिससे वह दहशत में आ गए। यह खबर गांव में फैल गई। जिससे इलाके में सनसनी फैल गई। जिसके बाद परिवार के लोग और ग्रामीण मौके पर पहुंचे।

# भाजपा ने पूरे जनपद में एक साथ 37 शक्तिकेंद्रो पर नुक्कड़ सभा का किया आयोजन

**● मोदी सरकार में सबको बिभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का मिल रहा लाभ:दुर्गेश राय**



**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा रविवार को कुशीनगर लोकसभा में एक साथ 37 शक्ति केंद्रों पर नुक्कड़ सभाएं आयोजित किया गया जिसमें अलग-अलग वक्ताओं ने विकसित राष्ट्र के सपने को पूरा कर ने के लिए एक बार फिर नरेन्द्र मोदी को प्रधानमंत्री बनाने की जरूरत बताते हुए मोदी के विकसित भारत के सपने को पूरा करने जनता से आशीर्वाद देने की अपील की। पडरौना विधानसभा के सोहरौना में आयोजित नुक्कड़ सभा के दौरान जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। आज किसान हो या महिला या कोई गरीब हो या युवा सबको विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। जिलाध्यक्ष ने सभी क्षेत्रवासियों से अपील की वह 1 जून को घरों से ज्यादा से ज्यादा संख्या में निकलकर मोदी जी के हाथों को मजबूत करते हुए कमल के चिंह पर अपने वोट का बटन दबाएं और भाजपा को जिताएं। इस वोट से अपने लोकप्रिय प्रधानमंत्री मोदी जी के हाथों को मजबूत करें। सांसद विजय कुमार दूबे रामकोला विधानसभा क्षेत्र के मथौली, खड्डा विधायक विवेकानंद पाण्डेय रामपुर दहाउर चौराहा, दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री राजेश्वर सिंह सेखुई मिश्र, पडरौना विधायक मनीष जायसवाल पटेरा चौराहा, रामकोला विधायक विनय प्रकाश गोंड भड़सर चौक, हाटा विधायक मोहन वर्मा परसिया, पडरौना नगर पालिका अध्यक्ष मिश्रौली,पूर्व विधायक रजनीकांत मणि त्रिपाठी कुड़वा उर्फ दीलीप नगर, पूर्व विधायक मदन गोविंद राव होलिया में नुक्कड़ सहित अन्य स्थानों पर पार्टी के ब्लाक प्रमुख, नगर पालिका व नगर पंचायतों के अध्यक्ष तथा वरिष्ठ नेता नुक्कड़ सभा को संबोधित कर नरेन्द्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए समर्थन मांगा।

## पहले मतदान फिर जलपान की थीम पर परिवहन विभाग ने यात्रियों को किया जागरूक

संवाददाता

**विशेष संवाद लखनऊ।** परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह की अगवाई में विभाग का अमला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए उतर पड़ा। परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह ने कहा कि पहले मतदान करें फिर जलपान करें। इससे नई सरकार के गठन में हमारी हिस्सेदारी बन जाती है। 5 साल की सरकार के लिए 5 मिनट समय निकालकर मतदान करना हमारा कर्तव्य भी है। अपनी पसंद का सरकार बनाने के लिए मतदान करना सबके लिए जरूरी है। परिवहन विभाग ने चारबाग, हजरतगंज,गोमती नगर, पॉलिटेक्निक चौराहा, आलमबाग,बक्शी का तालाब मुंशी पुलिया,आदि चौराहों पर यात्रियों को मतदान के लिए जागरूक किया। परिवहन आयुक्त के साथ विभाग के एक दर्जन से अधिक अधिकारी और कर्मचारी जागरूकता अभियान में शामिल रहे।



परिवहन आयुक्त चंद्र भूषण सिंह

## बारात गये युवक की बुलाकर की गई पिटाई

**नसीराबाद-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के ग्राम परैया नमकसार में बारात आए युवक की स्थानीय युवकों द्वारा 27अप्रैल की सुबह लगभग चार बजे धोखे से बुलाकर इतनी पिटाई की गई कि वह मरणासन्न हो गया। बारात में ही मौजूद पिता वीरेंद्र कुमार तिवारी पुत्र राम सजीवन निवासी ग्राम पैठाना थाना डीह की सूचना पर पहुंची 112 पुलिस ने बुरी तरह घायल आकाश तिवारी को बेहोशी की हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नसीराबाद पहुंचाया।

जहां से प्रारंभिक चिकित्सा के बाद गंभीर हालत में उसे जिला चिकित्सालय भेज दिया गया।पुलिस ने तहरीर के आधार पर रजनीश कुमार पांडेय व राजेश कुमार पांडेय पुत्रगण त्रिलोकी तथा जितेन्द्र तिवारी पुत्र आजाद तिवारी निवासीगण परैया नमकसार थाना नसीराबाद के विरुद्ध भादवि की धारा 323, 504, 506 और 308 के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज करके विवेचना उपनिरीक्षक आशीष मलिक को सौंप दी है।

# पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण के लिए निकली कलश यात्रा

**❑ पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का हुआ शुभारंभ**




**कुशीनगर ।** तहसील क्षेत्र के हनुमान मंदिर नकहनी के प्रांगण में अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्व तत्वाधान में पंच कुंडी गायत्री महायज्ञ एवं प्रज्ञा पुराण कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ जिसमें हाथी घोड़ा और गाजे बाजे के साथ हजारों श्रद्धालु सम्मलित हुए। रविवार को निकली कलश यात्रा नकहानी से पतई, परसौनी ,हरदे महुई होते हुए वापस यज्ञ स्थल पर पहुंची जहां कलश की स्थापना की गई। आचार्य सुरेश शास्त्री, नितिन कुमार, मुकेश कुमार, गिरिजेश कुमार राजमंगल वर्मा थे। मुख्य जजमान के रूप में श्री अनिरुद्ध सिंह एडवोकेट सपत्नीक रहे। धर्म ध्याजारोहण विनोद गुप्ता मंडल अध्यक्ष भाजपा टेकुआटार द्वारा किया गया। आयोजक मंडल अखिल विश्व गायत्री परिवार में संजय राय (पुजारी), रमाशंकर सिंह, उदयभान सिंह, मिश्री प्रसाद गुप्ता, ब्रह्मदेव सिंह, महेंद्र गोंड, रामजीवन यादव, अर्जुन, तेज प्रताप सिंह, महेंद्र यादव, जयप्रकाश यादव, राजाराम गुप्ता, गुलाब वर्मा, ननक सिंह, दीनानाथ राय, चंद्रबली राय, मनोज राय, दिनेश राय, उमेश राय, अनिरुद्ध राय, दयानंद राय (झब्बल), कमलेश वर्मा, मोरध्वज पटेल, रामायण गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## घर के अंदर चला रहा था फर्जी अस्पताल

उरई/जालौन। जालौन में स्वास्थ्य विभाग ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ छापेमारी की। जहां घर में चल रहे फर्जी अस्पताल का खुलासा किया। यहां से स्वास्थ्य विभाग ने प्रतिबंधित दवाओं के साथ-साथ भ्रूण हत्या करने वाली किट को भी बरामद किया है। स्वास्थ्य विभाग की इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप है। टीम के पहुंचने से पहले संचालिका फरार हो गई। इस पर कार्रवाई करते स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने घर को सील कर दिया।साथ ही वहां लगे सीसीटीवी कैमरे डीवीआर भी जब्त कर लिया है और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों ने यह कार्रवाई जालौन कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जालौन नगर के छौलापुर रोड स्थित वंदना आयुर्वेदा सेंटर पर की है। जहां पर वंदना कुशवाहा नाम की एक महिला फर्जी तरीके से अपने नाम से आयुर्वेदा सेंटर चला रही थी। इस आयुर्वेदा सेंटर में भ्रूण हत्या करने का काम चल रहा था।जिसकी शिकायत गुप्त रूप से डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक से की गई थी। उन्होंने इस मामले की जांच के लिए कमिश्नर को नियुक्त किया था। जिसके बाद कमिश्नर ने अपनी टीम को गठित किया और शनिवार को अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अरविंद भूषण, उप जिलाधिकारी जालौन अतुल कुमार के नेतृत्व में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी कपिल गुप्ता और महिला चौकी प्रभारी मधु देवी ने अचानक छापेमारी की। जहां पर स्वास्थ्य महकमे ने प्रतिबंधित एलोपैथिक दवाएं, भ्रूण हत्या करने वाली किट मशीन बरामद की। इस कार्रवाई के बाद आसपास के इलाके में हड़कंप मच गया। स्वास्थ्य महकमें इन सभी को अपने कब्जे में लेकर सील कर दिया। स्वास्थ्य महकमें की कार्रवाई से पहले ही इसका संचालन करने वाली वंदना कुशवाहा मौके से फरार हो गई। घर पर संचालिका का पति और बच्चे ही मिले, मगर स्वास्थ्य महकमें और प्रशासनिक अधिकारियों ने वहां लगे सीसीटीवी कैमरे की हार्ड डिस्क और डीवीआर को बरामद कर लिया। साथ ही संचालन करने वाली वंदना कुशवाहा के खिलाफकार्रवाई शुरू कर दी। इस मामले में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी अरविंद भूषण ने बताया कि डिप्टी सीएम के पास एक शिकायत मिली थी। जिसके बाद यह कार्रवाई की गई है। यहां पर एलोपैथिक दवाओं के साथ-साथ भ्रूण हत्या करने वाली मशीन मिली है। फिलहाल इस मामले में कार्रवाई की जा रही है।

# सुविधाओं से युक्त है हॉप क्लिनिक मरीजों को मिलेगी सहूलियत - डॉ घनश्याम अनुरागी

**➢ हॉप क्लिनिक के उद्घाटन में पहुंचे कई नेता ➢ डॉक्टर आदिल अंसारी और डॉक्टर फातिमा अंसारी ने किया नए क्लीनिक का किया शुभारंभ**

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता जालौन**

उरई जालौन - शहर के कालपी रोड मेडिकल कॉलेज के आगे डॉक्टर आदिल अंसारी और डॉक्टर फातिमा अंसारी के हॉप क्लिनिक का उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ घनश्याम अनुरागी ने किया। इस मौके पर हाजी अनीस खान, झांसी से डॉक्टर सतेंद्र कुमार राजपूत, डॉक्टर वर्षा राजपूत भी पहुंची। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि जिले का एक बढ़िया क्लिनिक है। जिसमें ऑपरेशन से लेकर सभी सुविधाएं तुरंत मिल रही है और जांच भी हो रही हैं भविष्य में यह क्लीनिक मरीज के लिए एक रामबाण का काम करेगा। डॉ सत्येंद्र कुमार राजपूत और वर्षा राजपूत ने कहा कि क्लिनिक तो कहीं मिलते हैं। लेकिन डॉक्टर सभी में सही नहीं मिलते इसके चलते इलाज भी ठीक नहीं हो पता है जिले का पहला ऐसा क्लीनिक बनेगा जिसमें डॉक्टर भी मौके पर मिलेंगे और मरीज का सही इलाज हो पाएगा। समाजसेवी अनीश ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र से आने वाले मरीजों को समय पर सही सुविधा इस क्लिनिक मिल पाएगी। जिले के अंदर डॉक्टर फातिमा एक उम्मीद ही किरण हैं। जो महिलाओं के इलाज में सबसे अच्छी डॉक्टर के रूप में पहचानी जाती हैं। डॉक्टर आदिल ने कहा कि क्लीनिक खोलने का उनका मकसद सिर्फ इतना है कि जो मरीज कानपुर और झांसी के लिए रेफर किए जाते थे। अब उनको रेफर नहीं किया जाएगा। उनका इलाज क्लीनिक पर ही हो जाएगा। इसके लिए उन्होंने 24 घंटे की सेवा रखी है, ताकि रात के समय भी मरीज को कोई परेशानी नहीं आए। आज उद्घाटन पर जो जिले की भीड़ क्लीनिक पर इकट्ठा हुई है। इसके लिए वह सभी का आभार व्यक्त करते हैं। डॉ फातिमा अंसारी ने कहा कि महिलाओं और साथ में गर्भवती महिलाओं के लिए यह क्लिनिक वरदान के रूप में साबित होगा। दिन में तो मरीजों को इलाज सभी अस्पताल में भी मिल जाता है। लेकिन रात के समय काफी परेशानी आती है। अब गर्भवती महिलाओं को कोई परेशानी नहीं आएगी। रात के समय भी इसके क्लीनिक में आपको सभी सुविधाएं मिल सकते हैं। सबसे बड़ी बात है के तुरंत जांच भी हो पाएंगी और तुरंत इलाज शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया अभी तक महीने में 400 से लेकर 500 मरीज आते हैं। क्लीनिक ना होने के चलते इमरजेंसी में वह कानपुर झांसी के लिए भागते थे। अब उन्हें कहीं भागने की जरूरत नहीं पड़ेगी। उरई शहर में ही उन्हें इलाज मिल पाएगा।



## लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न कराना पहली प्राथमिकता, ब्रजेश बहादुर सिंह

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता नारायण तिवारी**



कुठौंद जालौन - सिरसा कलार थाना क्षेत्र के अंतर्गत जालौन पुलिस अधीक्षक डॉक्टर इराज राजा के कुशल निर्देशन एवं क्षेत्राधिकार जालौन राम सिंह के कुशल मार्गदर्शन में तथा सिरसा कलार थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह के कुशल नेतृत्व में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत थाना सिरसाकलार पुलिस द्वारा विभिन्न ग्रामों में एरिया डोमिनेशन के तहत रूट मार्च/फुट पेट्रोलिंग कर आमजनमानस में कराया सुरक्षा का एहसास । फुट मार्च के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश बहादुर सिंह ने कस्बा सिरसा कलार एवं बेहड पट्टी के ग्राम सभाओ में पेदल मार्च कर आम जनमानस को सुरक्षा का भरोसा दिया और उन्होंने कहा की सभी भाई व मतदाता अपने अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करें और उन्होंने कहा की सरकार की मंशा के अनुरूप लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष संपन्न करना हमारी पहली प्राथमिकता रहेगी इस दौरान अगर किसी भी अराजक तत्व में किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने की कोशिश की या गलत तरीके से कमेंट किया या गलत अफवाह फैलाने की कोशिश की तो उसके खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई की जाएगी उसको किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा वह कितनी भी पहुंच वाला क्यों ना हो उसका स्थान सिर्फ सलाखों के पीछे होगा

# ग्राम प्रधान संगठन द्वारा जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को सौंपा गया

**तीसरा विकल्प न्यूज़ - संवाददाता जालौन**

उरई जालौन - ग्राम प्रधान संगठन के लोगों ने आज कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त एसडीएम को भेंट करते हुए बताया कि गौवंश के आश्रय स्थलों में रखने की बाध्यता समाप्त की जाये तथा शासनादेश के विपरीत मनरेगा, राज्य वित्त तथा केन्द्रीय वित्त से कराये गये 2023-24 के सम्पूर्ण कार्यों की जांच हेतु निर्गत आदेश को निरस्त  किया जाये तथा ग्राम प्रधान संगठन जनपद-जालौन उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में निम्न विवरण के अनुसार समस्या समाधान हेतु आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुये अनुरोध करता है कि गौवंश को गौशालाओं में रखने की बाध्यता समाप्त करने विषयक बुन्देलखण्ड क्षेत्र के अंर्तगत स्थित जनपद-जालौन में वर्तमान समय और इस मौसम में भीषण गर्मी पड़ती है, गौवंश के स्वास्थ्य व स्वभाव की दृष्टि से उपयुक्त व्यवस्था के बाबजूद, पीने का पानी गरम हो जाना, टीनशैड पर हरीघास और ग्रीन मैट के बाबजूद उन्हे गौशाला में रखने पर उनकी सेहत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। अतः ऐसी स्थिति में बृद्ध तथा बीमार गौवंशो के मरने की सम्भावना बढ रही है।इसके साथ ही रवि की फसल की कटाई के उपरान्त 15 अप्रैल से 15 जुलाई तक खेत खाली रहते हैं और इसी दौरान भीषण गर्मी भी पड़ती है। अतः उपरोक्त परिस्थितियों को देखते हुये अनुरोध है कि गौवंश को ग्राम पंचायतों द्वारा संचालित अस्थाई, स्थाई गौवंश आश्रम स्थलों में रखने की बाध्यता को समाप्त करते हुये प्रतिदिन कुछ घंटों के लिये खाली पड़े खेतों में केयर टेकरों द्वारा चराने की अनुमति प्रदान करें, इस हेतु 15 अप्रैल से 15 जुलाई (3 माह की अवधि हेतु) भरण पोषण धनराशि ग्राम पंचायतों को ना दी जाये तथा वर्ष 2023-24 में मनरेगा राज्य वित्त केन्द्रीय वित्त से कराये गये 574 ग्राम पंचायतों की जांच के आदेश को निरस्त करने की मांग उठाई।इस पर प्रमुख रूप से राम कमार राजपूत, गिरेन्द्र सिंह ग्राम प्रधान चिल्ली, देवेन्द्रसिंह ग्राम प्रधान, विष्णुपाल सिंह प्रधान, भानन्द पचोरी सामी प्रधान, सीमा देनी ग्राम प्रधान, सुनीता जमरौहरी प्रधान सहित आदि ग्राम प्रधान मौजूद रहे।



# रायबरेली की लोकसभा सीट पर 1957 से अब तक 17 बार काबिज रही कांग्रेस

**❑ भारतीय जनता पार्टी व जनता पार्टी ने भी कुछ सालों में दिखाया जलवा ❑ बहुजन समाज पार्टी व समाजवादी पार्टी का कभी नही खुल सका खाता**

**रायबरेली।** कांग्रेस के दिल की धडकन कही जाने वाली रायबरेली लोकसभा सीट पर हमेशा ही कांग्रेस का दबदबा रहा है। जिले की सीट पर 17 बार कांग्रेस पार्टी ने भारी वोटों से जीत दर्ज की है। जिसमें से कांग्रेस (आई) ने दो बार जीत दर्ज की है। भारतीय जनता पार्टी के अशोक सिंह ने 2 बार जीत दर्ज की है। एक  बार जनता पार्टी के राज नारायण ने जीत दर्ज की है। जबकि बसपा व समा का कोई भी प्रत्याषी रायबरेली से सांसद नही बन सका। वर्तमान में कांग्रेस पार्टी की सांसद की सोनिया गांधी इस सीट पर बनी हुई है। अचानक सोनिया गांधी के राज्य सभा चले जाने के फैसले ने रायबरेली की संसदीय सीट पर खतरा पैदा कर दिया। क्योंकि गांधी परिवार के अलावा किसी भी पार्टी में ऐसा कोई नेता नही है जो रायबरेली की सीट को अपनी पार्टी की झोली में डाल सके। अब तो रायबरेली में नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो गई है। इसके बावजूद  अभी तक कांग्रेस अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं की है। सूत्रों की माने तो इस बार लोकसभा 2024 के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की घोषणा न करके सीधे नामांकन करने पहुंचने का अंदाजा लगाया जा रहा है। इस बात की लोगों तक सूचना जाएगी कि कौन यहां से चुनाव लड़ेगा प्रियंका गांधी या राहुल गांधी अभी तक कांग्रेस में राहुल गांधी की भी चर्चा रायबरेली से चल रही है। लोगों का मानना है कि अगर प्रियंका गांधी अमेठी से चुनाव लड़ेंगी तो स्मृति ईरानी को कड़ी टक्कर कांग्रेस की प्रत्याशी प्रियंका गांधी दे सकती हैं, लेकिन अब कांग्रेस पार्टी को तय करना है कि किसको किस जिले से प्रत्याशी घोषित करती हैं और कौन चुनाव किसके सामने लड़ेगा। वही दूसरी ओर भारतीय जनता पार्टी भी रायबरेली में अपने प्रत्याशी की घोषणा अभी तक नहीं किया है। वह भी कांग्रेस के प्रत्याशी के मैदान में आने का इंतजार कर रही है। प्रत्याषियों के घोशण करने पर दोनो राजनैतिम पार्टियां अभी चुप्पी साधे हुये है। दोनो पार्टी सही जानकारी देने में असमर्थ दिख रही है। लेकिन जल्द ही इसकी घोषणा होने की संभावना है। 2024 के चुनाव में लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी ने अभी तक अपना प्रत्याशी की घोषणा नहीं की गई है इसको लेकर देश भर में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं भारतीय जनता पार्टी भी इस कयास में लग रही है कि पहले कांग्रेस अपना पत्ता खोल इसके बाद भारतीय जनता पार्टी अपना प्रत्याशी के नाम की घोषणा करेगी। कयास लगाये जा रहे है 30 अप्रेल 2024 के पहले  दोनो पार्टियों को आला कमान रायबरेली व अमेठी से अपने प्रत्याषियों की घोशणा कर देंगे।

## कब किस पार्टी के खाते रही रायबरेली की लोकसभा सीट

**रायबरेली।** वैसे तो रायबरेली कांग्रेस का गढ माना जाता है किन्तु कुछ सालो में कांग्रेस ने रायबरेली की लोक सभा सीट पर पराजय का मुंह भी देखा है। आइये नजर डालते है कि किस सन में कौन सी पार्टी के हाथ लगी थी रायबरेली की प्रतिश्ठित लोक सभा सीट। एक जानकारी के अनुसार कांगेस पार्टी से 1957  में बैजनाथ कुरील, 1957 फिरोज गांधी, 1960 आर पी सिंह, 1962 बैजनाथ कुरील, 1967 इंदिरा गांधी, 1971 इंदिरा गांधी के खाते में रही।  1977 राज नारायन, जनता पार्टी से चुनाव जीते थे। इसके बाद 1980 ए के नहेरु, कांग्रेस (आई), 1980 इंदिरा गांधी, कांग्रेस (आई) से तथा कांग्रेस से 1984 अरुण कुमार नहेरु, 1989 शीला कौल, 1991 शीला कौल लोक सभा चुनाव जीती थी। इसके बाद भाजपा से  1996 व 1998 में अशोक कुमार सिंह चुनाव जीते थे। सन 1999 में कांग्रेस से कैप्टन सतीश शर्मा, 2004 सोनिया गांधी, 2006 सोनिया गांधी, 2009 सोनिया गांधी, 2014 सोनिया गांधी,2019 सोनिया गांधी ने इस जीत को बरकार रखा था।

# प्राथमिक शिक्षक संघ ने सेवानिवृत्त हुये 65 शिक्षकों को किया सम्मानित

● राष्ट्र का निर्माण करने वाला शिक्षक ही कहलाता है राष्ट्रनिर्माता-डा. मनोज पांडेय



**रायबरेली।** बेसिक शिक्षा विभाग में वर्षों तक सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हुए जनपद के 65 शिक्षकों को सम्मानित करने के लिए सेवानिवृत्त शिक्षक सम्मान समारोह व मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ल व महामंत्री मुकेश द्विवेदी के नेतृत्व में सिविल लाइन्स स्थित एक होटल में किया गया। सम्मान समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष दान बहादुर सिंह ने की। समारोह के मुख्य अतिथि डॉ मनोज कुमार पांडेय, विधायक ऊँचाहार रहे।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के तौर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय नेता अरुण त्रिपाठी, राष्ट्रपति पुरुस्कार प्राप्त शिक्षक लक्ष्मीकांत शुक्ल उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक ऊँचाहार डॉ मनोज कुमार पांडेय ने शिक्षकों को सम्मानित करते हुए कहा कि हमारे शिक्षक कभी भी सेवानिवृत्त नही हो सकते वो आजीवन राष्ट्र निर्माण का कार्य करते है इसीलिए हम उन्हें राष्ट्रनिर्माता कहते है। उन्होंने कहा कि शिक्षक अपने दायित्व का निर्वहन करते हुए बच्चों के चौमुखी विकास करने में लगे रहते है। विद्यालय में सेवा के दौरान शिक्षक बच्चों तक ही सीमित रहते है, लेकिन सेवानिवृत्त होने के बाद समाज के लोगों को जागरूक और सभी को मार्ग दर्शन प्रदान करने की जिम्मेवारी बढ़ जाती है। समारोह की अध्यक्षता कर रहे दान बहादुर सिंह ने कहा कि शिक्षक भले ही सेवा से सेवानिवृत्त हो जाएं लेकिन शिक्षक सदैव समाज को मार्गदर्शन देता रहता है। जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला ने कहा कि हमारे जो भी सेवानिवृत्त शिक्षक साथी है हम इन सभी से सदैव मार्गदर्शन प्राप्त करते रहेंगे और ये सभी हमें सदैव प्रेरित करने का कार्य करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि औपचारिक रूप से सेवानिवृत्त होना एक सेवा का अंग है एक राष्ट्र निर्माता के रूप में शिक्षक जीवनपर्यंत राष्ट्र निर्माण के कार्य में लगा रहता है।

जिला महामंत्री मुकेश द्विवेदी ने भी शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके उज्ज्वल कार्यकाल की बधाई दी। विशिष्ट अतिथि अरुण त्रिपाठी ने भी शिक्षकों के महत्व पर प्रकाश डाला और लक्ष्मीकांत शुक्ला ने भी सेवानिवृत्त शिक्षको को आने वाले भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। जिलाध्यक्ष संघर्ष समिति पंकज द्विवेदी ने आये हुए अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सेवानिवृत्त शिक्षकों आने वाले जीवन की शुभकामनाएं प्रेषित की।कार्यक्रम का संचालन डॉ चन्द्रमणि बाजपेई जनपदीय संयुक्त मंत्री द्वारा किया गया।इस अवसर पर समेत हजारों की संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भीषण गर्मी से जनजीवन बेहाल, व्यवसाय पर बुरा असर



**महराजगंज-रायबरेली।** गर्मी तथा लू ने लोगों का सुख-चौन पूरी तरह छीन लिया है। न दिन में सुकून है, न रात में। सुबह होते ही सूर्य देवता अग्नि की बारिश करने लगते हैं। जैसे-जैसे दिन चढ़ता है धूप और प्रचंड रूप धारण कर लेता है। हालात यह है कि, सुबह 10 बजते ही लोग घरों में दुबक जा रहे हैं। शाम छह बजे तक यह स्थिति बनी रह रही है। रात्रि में धूप से भले ही छुटकारा मिलता हो, लेकिन गर्मी से निजात नहीं मिलती। इधर, कई दिनों से औसत तापमान 44 डिग्री अधिकतम बना हुआ है।रविवार को एक बार फिर से पछुआ हवा के प्रभाव से लू का असर चरम पर रहा। वहीं, अधिकतम तापमान 44 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। गर्मी के कारण आवश्यक कार्य से ही लोग घर से निकलते हैं। सामान्यतरू लोग घर में ही रहना पसंद कर रहे हैं। गर्मी के प्रकोप का असर व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर भी दिखने लगा है। महराजगंज कस्बा समेत आस-पड़ोस के बाजारों की मंडियों में पूरे दिन भीड़-भाड़ रहती थी, जहां अब सुबह-शाम ही लोग नजर आते हैं। नगर की मंडी में ग्रामीण इलाकों से खरीदारी के लिए आनेवाले लोग अपने निकटवर्ती बाजार में ही जाना मुनासिब समझ रहे हैं। जिसके कारण नगर बाजार का व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। शादी-विवाह के इस मौसम में कपड़े तथा अन्य सामग्री की दुकानों में गांव के लोगों की भीड़ रहनी चाहिए थी, लेकिन मौसम की मार के कारण भीड़ नहीं देखी जा रही है। दुकानदारों सुधीर साहू, अली अमजद, अचिन गुप्ता, संदीप मौर्य, राधेलाल, अनुज, अंकुर गुप्ता ने बताया कि, शादी-विवाह को देखते हुए कई तरह के कपड़े, गिफ्ट आदि मंगाए थे, वहीं नास्ते के लिए विशेष मिठाईयां बनाई थी, लेकिन खरीदारों की संख्या काफी कम हो गई है। कारोबार के लिहाज से यह बेहतर समय था, लेकिन प्रचंड गर्मी से व्यवसाय प्रभावित हो रहा है। इसके अलावा महराजगंज कस्बे के ही व्यापारी आमिर खान, किराना व्यापारी दिनेश चौरसिया, विनीत वैस्य, सोमनाथ वैश्य का कहना है कि, सुबह जब तक दुकान खोलते हैं तब तक गर्मी अपना प्रचंड रूप धारण कर लेती है। इस वजह से ग्राहक घरों से निकलने में कतराते हैं। धंधा मंदा हो गया है।

## मारपीट के मामले में चार लोगों के खिलाफमामला दर्ज

**नसीराबाद-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश के मामले में दबंगो ने गांव के एक दंपति और उसकी बेटी को घर मे घुसकर बुरी तरह मारा-पीटा साथ ही पीड़िता को जान से मारने की धमकी भी दी। बाद में दोनों घायलो को मेडिकल के लिए सीएचसी नसीराबाद ले जाया गया। पुलिस ने चार लोगो के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला किया दर्ज पूरा मामला। नसीराबाद थाना क्षेत्र के ग्राम सभा कुढा निवासी आसमीन बानो सुबह करीब आठ बजे अपने घर पर पिता मोहम्मद रफीक के साथ बैठी थी,तभी गांव के उसमान, साहिल असलम व,मोहम्मद जहीर लाठी डंडों से लैस होकर पहुंचे गाली देने लगें मना करने पर घर मे घुसकर उन्हे पीट पीट कर घायल कर दिया। बाद में दोनों घायलो को मेडिकल के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नसीराबाद भेजा। गया जहां पुलिस ने पीड़ित पक्ष से मिली तहरीर के आधार पर मोहम्मद जहीर पुत्र नसीर व उसमान साहिल असलम पुत्रगण मोहम्मद जहीर निवासीगण ग्राम सभा कुढा थाना नसीराबाद के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामले की विवेचना थाने के उपनिरीक्षक आशीष मलिक को सौंपी गई है।

## आगजनी की घटनाओं में गेहूं की तैयार खड़ी फसल समेत भी भूसा जलकर राख

**महासजगंज-रायबरेली।** क्षेत्र में अलग-अलग घटनाओं में आग लगने से लगभग एक दर्जन किसानों की तैयार खड़ी गेहूं की फसल समेत अवशेष व भूसा जलकर राख हो गया। अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया नहीं तो बड़ा नुकसान हो सकता था। गुरुवार को दोपहर आगजनी की पहली घटना सलेथू गांव में घटित हुई। यहां अज्ञात कारणों से लगी आग में गांव के ही रामकुमार लोध का 17 विश्वा खेत में तैयार खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। इसके अलावा गांव के ही चंद्र प्रकाश मौर्य पुत्र चंद्रपाल, योगेश पुत्र इंद्रपाल मौर्य, सुनील कुमार पुत्र श्रीचंद्र, साधु शरण पुत्र पलटन, रामरती पत्नी बंधु प्रसाद का फसल अवशेष और भूसा जलकर राख हो गया है। वहीं दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के सहमत के पूरवा की है, जहां गांव के जगदेव प्रसाद पुत्र गुरु प्रसाद का लगभग दो ट्राली भूसा में आग लग गई, जिससे सारा भूसा जलकर स्वाहा हो गया। इसी प्रकार तीसरी आगजनी की घटना क्षेत्र के गोलहा मजरे थुलवासा गांव में घटित हुई, यहां भी अज्ञात कारणों से लगी आग में गांव के ही किसान ईश्वर दीन यादव का लगभग 10 विश्वा गेहूं जलकर राख हो गया। ग्रामीणों द्वारा आनन-फानन बाल्टियों में पानी लेकर आग पर काबू पाया गया। एसडीएम राजित राम गुप्ता ने बताया कि, आगजनी की घटनाएं संज्ञान में आते ही मौके पर राजस्व कर्मियों को भेजकर छति का आकलन कराया गया है। सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## आग लगने से खेतों में खड़ी 20 बीघा गेहूं की नरई जलकर राख

**महराजगंज-रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के मुरैनी ग्राम सभा में अज्ञात कारणों से खेतों में आग लग गई, जिसमें लगभग 9 किसानों की खेत में खड़ी भूसा बनवाने के लिए नरई (फसल अवशेष) जलकर राख हो गया। वहीं खेत के मेड़ों पर खड़े सफेदा के पेड़ भी झुलस गए हैं। इससे किसानों का बड़ा नुकसान हुआ है। घटना की जानकारी होते ही ग्रामीण बाल्टियों में पानी लेकर खेतों पर पहुंच गए और सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। जब तक अग्निशमन विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचते तब तक 20 बीघा फसल अवशेष जलकर राख हो चुका था और मेड़ो पर खड़े सफेदा के पेड़ झुलस चुके थे। ग्रामीणों की मदद से अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया।ग्राम प्रधान प्रतिनिधि रणविजय सिंह एडवोकेट से प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना शुक्रवार दोपहर बाद लगभग 4रू30 बजे की है। अज्ञात कारणों से लगी आग में खेतों में खड़ी गेहूं की नरई और खेत की मेड़ पर लगे सफेद के पेड़ धू-धू कर जलने लगे। आनन-फानन ग्रामीण बाल्टियों में पानी लेकर खेतों पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। उधर प्रधान प्रतिनिधि ने स्वयं अग्निशमन विभाग को घटना की जानकारी दी। डेढ़ घंटे विलंब से पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, किंतु तब तक लगभग 20 बीघे फसल अवशेष जलकर राख हो चुका था और खेतों की मेड़ों पर खड़े सफेद के पेड़ झुलस चुके थे। हल्का लेखपाल रणविजय ने बताया कि, घटना की जानकारी मिलते ही वह मौके पर पहुंचे और छति का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रस्तुत करेंगे। लगभग 15 बीघे फसल अवशेष जल गया और खेतों की मेड़ों पर खड़े सफेदा के पेड़ भी झुलस गए हैं। सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता राशि किसानों को मुहैया कराई जाएगी।

## पिता ने बाइक की चाभी नहीं दी तो बेटे ने खा लिया विषाक्त पदार्थ

**बछरावां-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के गजियापुर गांव में शनिवार को एक बेटे ने अपने पिता से बाइक की चाभी मांगी, पिता द्वारा बाइक की चाबी देने से इनकार करने पर छुब्ध बेटे ने घर में रखे कीटनाशक का सेवन कर लिया। जब उसकी हालत बिगड़ी तो परिजन उसे लेकर बछरावां सीएचसी पहुंचे जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी स्थिति को गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक गांव निवासी रजनीश उर्फ छोटू (17) कहीं जाने के लिए अपने पिता रामशंकर से बाइक की चाभी मांग रहा था, पिता ने तेज धूप का हवाला देकर शाम को जाने की बात कहते हुए चाभी देने से इनकार कर दिया। जिससे नाराज होकर उसने घर में रखी चपटी मार दवा का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ती देख परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। डॉक्टर प्रभात मिश्रा ने बताया कि, युवक का प्राथमिक इलाज किया गया है। हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

## नम आंखों से की गयी आचल साहब की अंतिम विदाई

**नसीराबाद-रायबरेली।** अचल साहब की अंतिम यात्रा में देश के कोने कोने से आए उनके हजारों अनुयायियों, व भक्तों और क्षेत्रीय लोगों ने शामिल होकर उन्हें रोते-विलखते हुएं दी अंतिम विदाई दी। उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों के अलावा गुजरात, महाराष्ट्र, बंगाल, बिहार और मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि प्रदेशों के बहुत से भक्तों ने उनकी जन्मभूमि तक आकर उनकी अनतीम यात्रा को विशाल और स्मरणीय बना दिया।हजारों हजार की संख्या में मौजूद पुरुष और महिलाओं ने उनके पार्थिव शरीर पर पुष्पांजलि अर्पित करके नम आंखों से उन्हें अन्तिम विदाई दी। यात्रामार्ग पर लोग लगातार पुष्प वर्षा करते हुए ष्अचल साहब अमर रहेष् ष्राम नाम सत्य हैष् आदि नारों से वातावरण को गुंजायमान कर रहे थे।

# समाजसेवी डॉ.सुरेंद्र बहादुर सिंह उर्फकाकू का निधन



**महराजगंज-रायबरेली।** जनपद के वरिष्ठ समाजसेवी डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह (काकू) के आकस्मिक निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। 75 वर्षीय डॉ. सुरेंद्र बहादुर सिंह समाज सेवा के क्षेत्र में ऐसे मुकाम पर थे, जहां बहुत से समाज सेवियों की उम्र गुजर जाने के बाद भी नहीं पहुंच पाते हैं। इस महंगाई के जमाने में जहां लोगों में पैसा कमाने की लोलुकता होती है वहीं डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह के द्वारा कई सामाजिक कार्यों के साथ गरीबों का निःशुल्क इलाज करके नया जीवन प्रदान किया गया। डॉ सुरेंद्र बहादुर सिंह जनपद में काकू के नाम से काफी लोकप्रिय थे। बीते शुक्रवार की शाम लगभग 5.30 बजे उनका आकस्मिक निधन हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनके मौत की खबर मिलते ही महराजगंज क्षेत्र समेत पूरे जनपद में शोक की लहर दौड़ गई। उनके मौत की खबर मिलते ही सैकड़ों लोगों ने सोशल मीडिया के माध्यम से उनके प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करनी शुरू कर दी। इसके बाद उनके पैतृक गांव मऊ शर्की पर अंतिम दर्शनों के लिए लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। शनिवार को उनके शव का अंतिम संस्कार गांव स्थित उनके पैतृक बाग में कर दिया गया। जहां पर वर्तमान विधायक श्याम सुंदर भारती, पूर्व विधायक रामलाल अकेला, पूर्व विधायक राजाराम त्यागी, शिवसागर अवस्थी एडवोकेट, भाजपा नेता विद्यासागर अवस्थी एडवोकेट, ज्योति प्रकाश अवस्थी एडवोकेट, वरिष्ठ भाजपा नेता डॉ माताफेर सिंह, प्रधान संघ अध्यक्ष अरुण कुमार सिंह उर्फदद्दू, प्रतिष्ठित व्यवसायी राजकुमार सिंह उर्फ मोंगा, अजीत सिंह, दीपू चौधरी प्रधान, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप चौधरी, दिलीप तिवारी प्रधान, डब्बू सिंह प्रधान, रणविजय सिंह प्रधान, श्रवण कुमार प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रतिनिधि ओम प्रकाश सिंह उर्फ भोलू, लवलेश कुमार पांडेय प्रधानाचार्य, हीरा सिंह प्रधान, पन्ना सिंह, राम बहादुर लोधी, श्याम भवन सिंह, दिनेश मिश्रा, संजीव कुमार अवस्थी, राजकुमार शर्मा, हरिहर सिंह, भुल्लर सिंह, सतीश सिंह, सहित हजारों लोगों ने पहुंचकर उनके अंतिम दर्शन किए। मुखाग्नि उनके छोटे बेटे महेश सिंह एडवोकेट ने दी।

## खेत में काम कर रही महिला से युवकों ने खेलना चाहा हैवानियत का खेल

**रायबरेली।** खीरो थाना के एक गांव में खेत में अकेली फसल काट रही महिला को के साथ दो युवकों ने हैवानियत की सारे हदें पार करते हुए दो युवकों उसके साथ हैवानियत का खेल खेलने की कोशिश किया और महिला को मारपीट कर लहु लुहान कर दिया। महिला के मुंह में कपड़े ठांसने के बाद उसको मारपीट करके लहूलुहान कर दिया जिसके बाद उसको अर्द्धनग्न अवस्था में छोड़कर आरोपी फरार हो गए। विरोध में उसकी सहेली महिला को भी पीटा है। जिसको जिला अस्पताल में भर्ती करवाने के बाद पुलिस ने अभियोग दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार खीरो थाना के आधार खेड़ा मजरे धुराई गांव निवासी अकेली 40 वर्षीय महिला गेहूं की सांयकाल फसल काट रही थी। इसी बीजच दो युवक आए और उसको अकेला पाकर उसके साथ बलात्कार करने का प्रयास करने लगे। महिला के विरोध करने पर महिला के मुंह में कपड़े ठांसकर उसकी पिटाई करके लहूलुहान कर दिया और अर्द्धनग्न करके मृत समझकर फेंक दिया। सूत्र बताते है कि वही कुछ दूरी पर खेत काटने वाली एक अन्य महिला ने युवकों का विरोध किया किया तो दोनो युवको ने उसकी भी जमकर पिटाई की। दोनो महिलाओं को खीरों सीएचसी में भर्ती किया गया। अचेतावस्था में मिली महिला की हालत नाजुक होने पर उसको जिला अस्पताल भेजा गया जहां पर उसके हालत में सुधार न होने पर प्राथमिक उपचार के बाद रेफर करने पर लखनऊ के ट्रामा सेंटर भेजा गया। उधर थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अचेत मिली महिला के भाई की तहरीर पर खीरो थाना क्षेत्र के गांव शिवपुर हुसैनाबाद निवासी छोटू पुत्र कल्लू और विजय पुत्र देशराज के खिलाफएफआईआर दर्ज करके दोनो को गिरफ्त में ले लिया गया है।

## शॉर्ट सर्किट से 10 बीघा गेहूं की नरई जलकर राख होने से जानवरों के साने चारे का संकट



**षिवगढ़-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के नटई मजरे कोटवा गांव में बिजली की शार्ट सर्किट से खेतों में आग लग गई, जिससे लगभग 10 बीघे खेतों में भूसा बनवाने के लिए पड़ी गेहूं की नरई जलकर राख हो गई, जिससे किसानों के सामने जानवरों के चारा का संकट खड़ा हो गया है। घटना शिवगढ़ थाना क्षेत्र के नटई गांव की है। रविवार की दोपहर गांव के किसानों धीरज सिंह, हरिशंकर सिंह, बब्बन सिंह, बबलू सिंह, धर्मराज, राकेश सिंह, हरि बहादुर सिंह व रणविजय सिंह सहित आधा दर्जन से अधिक लोगों की लगभग10 बीघे खेतों में पड़ी गेहूं की नरई जलकर राख हो गई। आगजनी की घटना की जानकारी होते किसान बाल्टियों में पानी लेकर खेतों पर पहुंचे गए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे। इसी दौरान सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की दो गाड़ियों के कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। किसानों ने बताया कि, 11केवी विद्युत लाइन के शार्ट सर्किट से निकली चिंगारियों से गेहूं की पराली जल जाने से उनके सामने जानवरों के चारा का संकट खड़ा हो गया है। एसडीएम महराजगंज राजित राम गुप्ता ने बताया कि, शिवगढ़ के नटई गांव में आगजनी की घटना संज्ञान में आई थी। मौके पर हल्का लेखपाल अमित कुमार को छति आकलन के लिए भेजा गया है। रिपोर्ट प्रस्तुत होते ही किसानो को होने वाले नुकसान की मिलने वाली सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

## गौतम बुद्ध नगर में चुनाव ड्यूटी के दौरान होमगार्ड शिवशंकर की तबियत बिगड़ी

**बछरावां-रायबरेली।** थाना क्षेत्र के सियासी गांव निवासी एक होमगार्ड की गौतम बुद्ध नगर में चुनाव ड्यूटी के दौरान तबियत बिगड़ने पर उसे जिला अस्पताल रायबरेली में भर्ती कराया गया कॉलेज गौतम बुद्ध नगर पहुंच गए। आशंका है कि 21 अप्रैल की रात वहां उनको किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिससे उनके पैर पर फोला निकल आया। दर्द बढ़ने पर 22 अप्रैल को



उनका बादलपुर सीएचसी में इलाज कराया गया और वापस झाझंर आ गए। पैर दर्द धीरे-धीरे बढ़ता गया, तो 24 अप्रैल को झाझंर के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज कराया गया। 25 अप्रैल को पोलिंग पार्टियों की रवानगी होनी थी, जिसको जहां इलाज के दौरान मौत हो गई। आज 27 अप्रैल शनिवार को इसिया गांव का रहने वाला होमगार्ड शिवशंकर उर्फ बब्बू की चुनाव ड्यूटी के दौरान तबीयत बिगड़ गई, जिसे जिला अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई है। कंपनी कमांडेंट सुरेश कुमार ने बताया कि चौदह अप्रैल को शिवशंकर उत्तराखंड पहुंचे। जहां 19 अप्रैल को नैनीताल में मतदान के दौरान ड्यूटी में तैनात रहे। उत्तराखंड में मतदान समाप्त होने पर 20 अप्रैल की रात गंगोत्री महिला लेकर अन्य होमगार्ड के साथ वह फूलमंडी नोएडा पहुंचे। बस पर बैठने के बाद उन्हें असहनीय दर्द होने लगा। जिसको लेकर होमगार्ड ने उन्हें नोएडा के कंपनी कमांडेंट से बात कर के निजी अस्पताल में इलाज के बाद रवानगी रायबरेली के लिए करवा दी। परिजनों को जानकारी मिलने पर वह षिवषंकर को लेकर जिला अस्पताल रायबरेली में भर्ती कर दिया। जहां इलाज के दौरान 27 अप्रैल की सुबह करीब 4 बजे उन्होंने दम तोड़ दिया है।

## नामांकन पत्रों की खरीद के साथ चुनावी सरगर्मियां तेज

**नसीराबाद-रायबरेली।** अमेठी के लोकसभा क्षेत्र में भी नामांकन पत्रों की खरीद के साथ चुनावी सरगर्मी हुई तेज जहां मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के खाते में इंडिया गठबंधन ने यह सीट दे रखी है। वहीं इस दल का प्रत्याशी अभी तक घोषित नहीं हुआ है। राजनीतिक गलियारे में राहुल गांधी के यहां से चुनाव लड़ने की जोर-शोर से चर्चा है। पांचवें चरण के निर्वाचन के लिए शुक्रवार को पहले दिन 15 लोगों द्वारा 22 सेट में नामांकन पत्र खरीदे गए। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी श्रीमती स्मृति जुबिन इरानी के लिए नामांकन पत्र के दो सेट, निर्दलीय मिथुन जायसवाल और रामपाल के लिए एक, एक सेट, राष्ट्रीय मानव सम्मान पार्टी के सुरेश कुमार मौर्य के लिए एक सेट नामांकन पत्र खरीदे गए। इनके अलावा श्रीमती चंद्रावती बहुजन मुक्ति पार्टी ने एक सेट, संतोष कुमार निर्दलीय ने एक सेट, सुरेश कुमार मौर्य निर्दलीय ने दो सेट,अजय कुमार त्रिपाठी निर्दलीय ने एक सेट, शैलेंद्र कुमार संयोगवादी पार्टी ने दो सेट, सुनील कुमार जन प्रगति पार्टी ने एक सेट, अनुराग श्रीवास्तव निर्दलीय ने दो सेट में पर्चे खरीदे।

# अज्ञात कारणों से तीन स्थानों पर लगी आग में गेहूं की नरई समेत भूसा और बांस की कोठियां जलकर राख

**महराजगंज-रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र में अलग-अलग तीन स्थानो पर शार्ट सर्किट और अज्ञात कारणों से लगी आग से गेहूं की नरई, खेतों में लगा भूसा, और दो बांस की कोठियां धूं-धूं कर जलकर राख हो गई। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। गेहूं की नरई और भूसा जलने से जहां किसानों के सामने जानवरों के चारा की समस्या उत्पन्न हो गई है, वही बांस की कोठी जलने से किसान को छानी-छप्पर की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। पहली घटना क्षेत्र के सुजातगंज मजरे बावन बुजुर्ग बल्ला की है। जहां गांव के रहने वाले इरफान पुत्र यूनुस का मड़ाई के बाद खेतों में गेहूं के भूसे का ढेर लगा हुआ था। रविवार को अज्ञात कारणों से आग लग गई। सूचना पर पहुंचें दमकल विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। वहीं दूसरी घटना क्षेत्र के कैर गांव की है। यहां दोपहर में गांव निवासी श्रीकांत त्रिपाठी के खेतों में मशीन चल रही थी, जिसकी शार्ट सर्किट से लगभग पांच बीघा खेतों में खड़ी गेहूं की नारे जलकर राख हो गई। वहीं गांव के वरिष्ठ पत्रकार बाल किशोर त्रिपाठी का लगभग 10 विश्व खेतों में भूसा बनाने के लिए खड़ी नरई भी जलकर राख हो गई है। सूचना पर पहुंचे दमकल विभाग के कर्मचारियों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आगजनी के घटना की जानकारी होते ही हल्का लेखपाल विपिन कुमार मौर्य मौर्य मौके पर पहुंच गए थे, छति का आकलन कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रस्तुत करने की बात कही है।इसके अलावा तीसरी घटना महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के ही खैरा गांव की है जहां बिजली के तारों में हुई शार्ट सर्किट के कारण बांस की कोठियों में आग लग गई और देखते ही देखते दो कोठियां धूं-धूं कर जलने लगी। ग्रामीणों ने बाल्टियों में पानी लेकर



आग बुझाने का काफी प्रयास किया, किंतु आग पर काबू नहीं पा सके। सूचना पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने आग पर काबू पाया। महाराजगंज एसडीएम राजित राम गुप्ता ने बताया कि, क्षेत्र में अलग-अलग स्थान पर हुई आगजनी की घटनाओं की जानकारी मिलते ही मौके पर राजस्व कर्मचारियों को भेज कर क्षति का आकलन कराया जा रहा है। रिपोर्ट मिलने के बाद किसानों के हुए नुकसान की मिलने वाली सहायता राशि उपलब्ध कराई जाएगी।

# एनएसपीएस महाविद्यालय ने आयोजित किया विदाई समारोह




**महराजगंज-रायबरेली।** क्षेत्र में शुक्रवार को न्यू स्टैंडर्ड कॉलेज ऑफ़हायर एजुकेशन सलेथू के प्रांगण में बी०ए० एवं बी०एस०सी० के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय संस्थापक प्रबंधक डॉ० शशिकांत शर्मा, संयुक्त सचिव डॉ० रश्मि शर्मा, प्रधानाचार्य एन०एस०पी०एस० सलेथू राजीव सिंह, प्राचार्य डॉ० शिव ओम श्रीवास्तव के द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। सरस्वती मां की पूजा के पश्चात अंजली यादव ज्योति गीता देवी के द्वारा मां सरस्वती की वंदना प्रस्तुत की गई। स्वागत गीत रामा तिवारी और ग्ररुप ने प्रस्तुत किया। बीएससी पूर्वार्ध के छात्रों ने अतिथियों को टीका एवं बैज लगाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया तथा अपने सीनियर को टीका लगाकर स्वागत किया। बी०ए० द्वितीय वर्ष के छात्रों ने अपने सीनियर को तथा बी०एस०सी० द्वितीय वर्ष के छात्रों ने बी०एस०सी० तृतीय वर्ष के सीनियर्स को स्मृति चिन्ह व ग्ररुप फोटो प्रदान कर विदाई दिया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की कड़ी में गीता के ग्ररुप के द्वारा गरबा डांस की मनमोहक प्रस्तुति दी गई और फेयरवेल गीत कीर्ति लता के ग्ररुप ने प्रस्तुत किया। महिमा शुक्ला ने एकल गीत के माध्यम से सुंदर प्रस्तुति दिया तथा अंशिका आदि के ग्ररुप ने शैक्षिक नाटक प्रस्तुत किया। प्राचार्य ने विदाई प्राप्त करने वाले छात्रों तथा महाविद्यालय के अन्य छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें आशीर्वचन दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन गौरव सिंह, रिचा त्रिपाठी, सौरभ, श्रेया के द्वारा किया गया। विद्यालय की ओर से प्रत्येक विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह भेंट कर विदाई दी गई। इसी क्रम में कुछ छात्र व छात्राओं को पूरे- वर्ष विभिन्न क्षेत्रों में विशेष प्रदर्शन के लिए व शत प्रतिशत उपस्थित के लिए उर्वशी तिवारी, अनुष्का सिंह एवं सुशील को, मोस्ट सेंशियर अवार्ड, तनु अवस्थी, प्राजंलि अवस्थी एवं सुशील को, शैक्षिक प्रगति का उपहार अमन मौर्य एवं वंदना यादव को दिया गया। इस मौके पर प्रबंधक डॉ० शशिकांत शर्मा ने अपने संबोधन में बच्चों का उत्साह वर्धन एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि, परिश्रम ही हमें सफलता की मंजिल तक पहुंचाती है, इसलिए इसलिए यदि सफल बनना है तो हमें लोगों के बीच से हटकर अलग परिश्रम करना पड़ेगा जिसकी आलोचना होती है वही सफलता को प्राप्त करता है, शिक्षा ही वह सफलता की कुंजी है जो हर खुशियों के द्वार को खोल देती है। उन्होंने उम्मीद जताई है कि, आगे भी सभी ऐसी ही लगन और मेहनत से अपने सभी कार्य करते रहेंगे आप सभी को हम सब की तरफसे आने वाले सुनहरे भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।

## पकी खडी गेहूं की फसल में आग लगने से किसानों का दिल दहला

**महराजगंज-रायबरेली।** तहसील क्षेत्र के राजस्व गांव अटरा में शनिवार की दोपहर 12.20 बजे अज्ञात कारणों से किसानो की तैयार खड़ी गेहूं की फसल, अवशेष तथा मड़ाई के बाद खेतों में लगा भूसा के देर में आग लगने से जलकर राख हो गया। आगजनी के घटना की जानकारी होते ही बाल्टियों में पानी लेकर किसान इकट्ठा हुए और आग बुझाने का प्रयास करने लगे, किंतु आग पर काबू नहीं पा सके। इसी दौरान



ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को घटना की जानकारी दी। जानकारी पाकर आनन-फानन घटनास्थल पर पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक लगभग पांच बीघे तैयार खड़ी गेहूं की फसल समेत अवशेष और खेतों में लगा भूसे का ढेर जलकर राख हो गया।अग्निशमन विभाग से प्राप्त जानकारी के मुताबिक घटना शनिवार दोपहर लगभग 12रू20 की है। अटरा गांव के किसानों अनिल कुमार पुत्र संकटा प्रसाद श्रीवास्तव, माधुरी पत्नी अनिल कुमार श्रीवास्तव की पांच बीघे तैयार खड़ी गेहूं की फसल में अज्ञात कारणों से आग लग गई और देखते ही तो देखते प्रचंड रूप धारण कर लिया। ग्रामीणों ने जैसे ही खेतों में आग लगी देखा बाल्टियों में पानी लेकर खेतों में पहुंच गए और बुझाने का प्रयास करने लगे, किंतु आज पर काबू नहीं पा सके। सूचना पाकर मौके पर आनन-फानन पहुंचे अग्निशमन विभाग के कर्मचारियों ने ग्रामीण की मदद से जब तक आग पर काबू पाते तब तक दोनों किसानों की पांच बीघे गेहूं की फसल समेत मड़ाई के बाद खेतों में लगा भूसा तथा अवशेष जलकर राख हो गया।





# बला की खूबसूरत और हॉटनेस की भरमार... पापा के लिए चुनाव प्रचार करने बिहार की सड़कों पर उतरी ये एक्ट्रेस

नेहा शर्मा को अपने पिता कांग्रेस अजीत शर्मा का समर्थन करते देखा गया, जो भागलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा की हाल ही में बिहार में एक रोड शो में भागीदारी ने इंटरनेट पर तूफान ला दिया है। क्रुक और तुम बिन 2 जैसी फिल्मों में अपनी भूमिकाओं के लिए मशहूर सुश्री शर्मा को अपने पिता अजीत शर्मा का समर्थन करते देखा गया, जो कांग्रेस के टिकट पर भागलपुर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। यह रोड शो उन अफवाहों के बीच हुआ कि अभिनेता राजनीति में प्रवेश कर सकते हैं। हालाँकि, अब यह स्पष्ट हो गया है कि वह सिर्फ अपने पिता के लिए प्रचार कर रही थीं। नेहा शर्मा ने इंस्टाग्राम पर बांका, किशनगंज, कटिहार और पूर्णिया सहित बिहार के विभिन्न जिलों की अपनी यात्रा दिखाते हुए एक वीडियो साझा किया। वह पारंपरिक सलवार कमीज पहने हुए थीं और जनता का अभिवादन करती और उन्हें वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करती नजर आईं। रोड शो के दौरान पीरपैंती और कहलगांव में भारी भीड़ ने अभिनेता का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने कैप्शन में लिखा फ्वे कहते हैं कि जब कोई आपको अपने दिल में जगह देता है, तो आप हमेशा के लिए वहीं रहते हैं। आपने मुझे जो प्यार और समर्थन दिया है, उससे मेरा दिल भर गया है। पीरपैंती और कहलगांव में गर्मजोशी से स्वागत के लिए धन्यवाद। आपका प्यार सारी आँखों पर। सदा आभारी। ऑनलाइन प्रसारित हो रहे एक अन्य वीडियो में अभिनेत्री को भागलपुर में अपने पिता के चुनाव अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेते हुए दिखाया गया है। भागलपुर लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में 26 अप्रैल को चुनाव होना है। इस सीट पर कांग्रेस का प्रतिनिधित्व करने वाले अजीत शर्मा का मुकाबला जेडीयू के अजय कुमार मंडल से है। पहले ऐसी अफवाह थी कि सुश्री शर्मा राजनीति में प्रवेश कर सकती हैं। हालाँकि, कई रिपोर्टों ने स्पष्ट किया है कि वह अभी चुनावी शुरुआत नहीं कर रही हैं। रिपोर्टों के अनुसार, उनके पिता अजीत शर्मा ने उन्हें राजनीति में शामिल होने का अवसर दिया, शर्मा वर्तमान में अपने अभिनय करियर पर ध्यान केंद्रित कर रही हैं।

# तनीषा मुखर्जी बोलीं- लगता था एक फिल्म फ्लॉप तो जिंदगी फ्लॉप, इसीलिए मेरा करियर आगे नहीं बढ़ा



एक्ट्रेस तनीषा मुखर्जी की शुरुआती फिल्में फ्लॉप रही हैं। इस बुरे वक्त में बहन काजोल के पति अजय देवगन ने उनकी मदद की थी। अजय ने काम बैलेंस करने के लिए तनीषा को सेक्रेटरी दिलाया था। तनीषा ने हालिया इंटरव्यू में यह भी बताया कि अजय नेकदिल इंसान हैं और वो फैमिली का बखूबी ख्याल भी रखते हैं। 2-3 साल तनीषा के पास काम नहीं था सिद्धार्थ कानन को दिए इंटरव्यू में तनीषा ने बताया कि शुरुआती फिल्में फ्लॉप होने के बाद उनके पास 2-3 साल बिल्कुल काम नहीं था।

दरअसल, उनकी शुरुआती फिल्में फ्लॉप रही थीं। तनीषा का कहना था कि उन्होंने ये फिल्में नए डायरेक्टर्स के साथ की थीं, जिसका निगेटिव असर करियर पर पड़ा। बुरे दौर में अजय बने मसीहा तब इस वक्त अजय देवगन उनके सहारा बने थे। तनीषा ने कहा- जब उन्होंने मेरी हालत देखी तो उन्होंने कहा- अब सब मुझे करने दो। इसके बाद उन्होंने मुझे सेक्रेटरी दिलाया। उस समय हर स्टार के पास सेक्रेटरी थे। उन्होंने केएस संजय को मेरा सेक्रेटरी बनाया था। इसके बाद मेरे करियर में उछाल देखने को मिला था। इंटरव्यू के दौरान तनीषा ने काजोल के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा- काजोल ने मेरी फिल्म नील एन निक्की आज तक नहीं देखी है। दरअसल, उस फिल्म में बहुत ज्यादा किसिंग सीन्स थे। यहां तक की मैं दोस्तों के बच्चों को भी कहती हूं कि वो बड़े होने के बाद ही यह फिल्म देखें। तनीषा का यह भी मानना है कि अगर यह फिल्म उन्हें आज ऑफर हुई होती तो उसे अलग अंदाज में करतीं। सिल्वर स्क्रीन पर नहीं चला तनीषा का जादू डेब्यू फिल्म स्सशह के बाद तनीषा को फिल्म नील शएनश् निक्की, सरकार और टैंगो चार्ली जैसी फिल्मों में देखा गया था। हालांकि, इसके बावजूद वो सिल्वर स्क्रीन पर अपनी छाप छोड़ने में नाकामयाब रहीं और फिल्मों से दूरी बना ली। 2013 में उन्होंने बिग बॉस 7 में देखा गया था। इस सीजन की वो फर्स्ट रनरअप भी बनी थीं। फिलहाल वो झलक दिखला जा सीजन 11 में बतौर कंटेस्टेंट नजर आ रही हैं। पहली फिल्म की शूटिंग के दौरान सेट पर बेहोस हो जती थी तनीषा मुखर्जी, एक्ट्रेस ने किया बड़ा खुलासा बॉलीवुड इंडस्ट्री एक्ट्रेस काजोल की बहन तनीषा मुखर्जी आज के समय में किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। तनीषा आए दिन सुर्खियों में छाई रहती हैं। एक्ट्रेस को हाल ही में टीवी शो 'झलक दिखला जा' सीजन 11 में बतौर कंटेस्टें नजर आई थी। तनीषा ने अपने करियर में हिंदी, तमिल और तेलुगु सहित कई भाषाओं की फिल्मों में काम किया है। एक्ट्रेस ने साल 2003 में में फिल्म '२२२श' से अपना डेब्यू किया था। तनीषा ने उनकी पहली फिल्म के दौरान की एक घटना को साझा किया है। इस दौरान वह एक दुर्घटना का शिकार हो गई थीं। तनीषा ने बताया कि इस फिल्म के दौरान वह एक पहाड़ से गिर गईं और उनके दिमाग में चोट आ गई थी। इसके बावजूद भी उन्होंने फिल्म की शूटिंग जारी रखी थी। तनीषा ने किया बड़ा खुलासा आपको बता दें कि हाल ही में एक मीडिया चौनल से बातचीत के दौरान तनीषा ने बताया कि, उन्हें एक घटना में चोट लगने की वजह से उन्हें काफी चुनौतियों का सामना करना पड़ा था। वह अक्सर सेट पर बेहोश भी हो जाती थीं। तनीषा ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना तब घटी जब वह अपनी पहली फिल्म की शूटिंग कर रही थीं। एक्ट्रेस ने कहा, 'मेरे दिमाग में चोट आ गई थी। मैं एक पहाड़ से गिर गई थी और मुझे गंभीर चोट लग गई थी। इसके बाद लगभग एक वर्ष तक मुझे नियमित ईईजी करानी पड़ी। क्योंकि यह जानना जरूरी था कि क्या मेरे मस्तिष्क की सूजन कम हो गई है। मुझे इससे ठीक होने में पूरा एक साल लग गया था।' एक्ट्रेस को करना पड़ा था काफी मुश्किलों का सामना गौरतलब है कि तनीषा ने आगे कहा, 'मैं सचमुच में दो घंटे शूटिंग करती थी और तीन घंटे सोती थी। मैं दो घंटे तक शूटिंग करती थी और इस दौरान काफी बिजी होती थी। इसलिए मैं बेहोश हो जाती थी। मैं जगे नहीं रह सकती थी, क्योंकि मेरा दिमाग बहुत थक जाता था।' उन्होंने कहा कि इस दौरान उन्होंने काफी कठिनाइयों का सामना किया, लेकिन वह निर्माताओं के समर्थन के लिए आभारी हैं। एक्ट्रेस ने आगे बताया, 'दर्शकों को यह पता नहीं है इसलिए वे सिर्फआपको जज कर रहे हैं। फिल्म इंडस्ट्री में हर किसी को इसके बारे में पता नहीं था। इसलिए वे सिर्फआपको जज कर रहे हैं, क्योंकि वे यही करते हैं।' तनीषा मुखर्जी बोलीं- लगता था एक फिल्म फ्लॉप तो जिंदगी फ्लॉप, इसीलिए मेरा करियर आगे नहीं बढ़ा एक्ट्रेस तनीषा मुखर्जी ने लेटेस्ट इंटरव्यू में अपनी नई फिल्म और करियर के बारे में बात की। तनीषा ने बताया कि उनका करियर क्यों आगे नहीं बढ़ा और पिता की कौन सी बात न सुनने का पछतावा है। तनीषा अब जल्द ही फिल्म लव यू शंकर में नजर आएंगी। नामचीन एक्ट्रेस तनुजा की बेटी और काजोल की छोटी बहन तनीषा मुखर्जी ने भी परिवार के बाकी सदस्यों की तरह एक्टिंग को करियर चुना पर उनके हिस्से दूसरों जितनी कामयाबी नहीं आई। साल 2003 में फिल्म श्श्श्शश् से डेब्यू करने वाली तनीषा पर्दे पर कुछ गिनी-चुनी फिल्मों में ही नजर आईं। इन दिनों तनीषा चर्चा में हैं, फिल्म शलव यू शंकरश् को लेकर। इसी सिलसिले में उन्होंने हमने अपने फिल्मी सफरनामे पर की खास बातचीतरूआपको बॉलीवुड में करीब बीस साल हो गए, मगर आप काफी कम फिल्मों में ही नजर आई हैं। आप अचानक... आपके परिवार में मां तनुजा, बहन काजोल, जीजा अजय देवगन सभी बड़े स्टार रहे हैं। ऐसे में, आपकी तुलना उनसे होना लाजिमी है। आप इसे कैसे लेती हैं?हमारे परिवार में ऐसी तुलना नहीं होती। बाहर होती है लेकिन हमें कभी महसूस नहीं होता है, क्योंकि हम बाहर के लोगों की नहीं सुनते।

## मृणाल ठाकुर ने की बॉडी शेमिंग पर बात





इन दिनों इंडस्ट्री में मृणाल ठाकुर से लोग उनके फिटनेस के बारे में सवाल पूछ रहे हैं। लेकिन एक ऐसा भी वक्त था जब उन्हें अपनी बॉडी के लिए खूब ट्रोलिंग सहनी पड़ती थी। बॉडी शेमिंग का शिकार हो चुकीं मृणाल ने कहा– सोशल मीडिया पर लोग हमेशा से परफेक्ट होने का दिखावा करते हैं। एक इंटरव्यू के दौरान उन्होंने बताया कि उन्हें अपनी पसंद के कपड़े पहनने से पहले सोचना पड़ता था। लेकिन अब वो इन सब की परवाह नहीं करती हैं। बातचीत के दौरान जब उनसे शादी और रिलेशनशिप के बारे में पूछा गया तो उन्होंने बताया कि वो एग्स फ्रीजिंग के बारे में भी सोच रही हैं। उन्हें शादी करने में समस्या नहीं है, लेकिन एक सही पार्टनर मिलना बहुत मुश्किल है।मृणाल का कहना है कि हर किसी की जिंदगी में अच्छे और बुरे दिन आते हैं। उनकी भी लाइफ में वो समय आया था, जब उन्हें अपने बेड से उठने का मन ही नहीं करता था। लेकिन हमें अपने बुरे दिन से प्रभावित नहीं होना चाहिए। अपनी पसंद के कपड़े नहीं पहन पाती थीं मृणाल ठाकुर ह्यूमन्स ऑफ बॉम्बे को दिए इंटरव्यू के अनुसार, अपनी पीयर शेप बॉडी को लेकर एक्ट्रेस ने कहा– मैं अपनी कर्वी बॉडी दिखाकर ब्यूटी के स्टैंडर्ड को बदलने वाली हूं। उन्होंने कहा कि एक समय था, जब वो बॉडी हगिंग ड्रेसेस पहनने से डरती थीं। लेकिन अब वो किसी भी तरह की ड्रेस पहनने से पीछे नहीं हटती हैं, फिर चाहे वो बॉडी हगिंग ड्रेस हो या क्रॉप टॉप हो। उनका मानना है कि ब्यूटी स्टैंडर्ड सेट करने के लिए कार्दशियन सिस्टर्स की ही जरूरत क्यों है। वैसे भी भारत की महिलाएं ज्यादा खूबसूरत हैं। मृणाल ठाकुर हाल ही में साउथ सुपरस्टार विजय देवरकोंडा के साथ तेलुगु फिल्म 'द फैमिली स्टार' में नजर आई हैं। क्या है एग्स फ्रीजिंग? यह एक कॉमन मेथड है जिसमें महिला के गर्भाशय से हेल्दी एग्स को निकालकर मेडिकल सुपरविजन में स्टोर करके रखा जाता है। बाद में जब भी महिला प्रेग्नेंट होना चाहती है तो उन एग्स को फर्टिलाइज करके भ्रूण बनाकर महिला के गर्भाशय में ट्रांसफर कर दिया जाता है। इसमें किसी तरह का कोई गंभीर खतरा नहीं है और ये बेहद आसान तरीका भी है।

# खराब गेंदबाजी ने बढ़ाई गुजरात की चिंता

## बेंगलुरु से मुकाबला आज, जानें कब-कहां देखें मैच




**अहमदाबाद।** गुजरात के लिए मोहित शर्मा, उमेश यादव, संदीप वॉरियर ने काफी रन लुटाए हैं, जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह ओमरजाई जैसे बैकअप तेज गेंदबाज भी ज्यादा आत्मविश्वास से गेंदबाजी नहीं कर पाए हैं। गुजरात टाइटंस को अपने प्रदर्शन में काफी सुधार की जरूरत है और रविवार को आईपीएल के मैच में उसे रॉयल चौलेंजर्स बंगलूरू (आरसीबी) के मध्य क्रम की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा। गुजरात की टीम के नौ मैच में आठ अंक हैं। गुजरात को अपने तेज गेंदबाजों के प्रदर्शन में सुधार की दरकार है। इस पूरे आईपीएल में उनकी तेज गेंदबाजी इकाई काफी कमजोर रही है। तेज गेंदबाज मोहित शर्मा (10 विकेट, इकोनॉमी 10.35), उमेश यादव (सात विकेट, 10.55), संदीप वॉरियर (पांच विकेट, 10.85) ने काफी रन लुटाए हैं, जबकि स्पेंसर जॉनसन और अजमतुल्लाह ओमरजाई जैसे बैकअप तेज गेंदबाज भी ज्यादा आत्मविश्वास से गेंदबाजी नहीं कर पाए हैं। उनके स्पिनर राशिद खान (आठ विकेट), आर साई किशोर और नूर अहमद (6-6 विकेट) शानदार प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। आरसीबी के मध्य क्रम में मौजूद रजत पाटीदार और कैमरन ग्रीन ने लय हासिल की है तो इस तिकड़ी का काम अब और मुश्किल हो जाएगा। लय में रजत पाटीदार रजत पाटीदार ने सत्र में सामान्य शुरुआत के बाद अपने बल्लेबाजी कौशल का अच्छा प्रदर्शन किया, विशेषकर स्पिनरों के खिलाफ। उन्होंने पिछले दो मैचों में सुनील नारायण और वरुण चक्रवर्ती (केकेआर) और मयंक मार्कंडेय (सनराइजर्स हैदराबाद) का सामना करते हुए शानदार अर्धशतक जड़े। अब वह स्पिनरों के खिलाफ भी इसी तरह का प्रदर्शन दोहराने के लिए बेताब होंगे। ग्रीन ने भी सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 20 गेंद में 37 रन की पारी के दौरान प्रभावित किया और आरसीबी को 200 रन के पार पहुंचाया। इससे आरसीबी को निचले क्रम में दिनेश कार्तिक और महिपाल लोमरोर पर निर्भर कम करने में मदद मिली है। वहीं, कोहली और फाफ लगभग हर मैच में रन जुटाने की जिम्मेदारी अच्छी तरह निभा रहे हैं। गुजरात के बल्लेबाज भी आरसीबी से प्रेरणा लेना चाहेंगे। 300 से अधिक रन बनाए हैं सुदर्शन और गिल ने साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल ने इस आईपीएल में 300 से अधिक रन बनाए हैं। लेकिन गुजरात का मध्य क्रम उनकी तरह खेलने में सक्षम नहीं रहा है। डेविड मिलर (138 रन), शाहरुख खान (30), विजय शंकर (73) और राहुल तेवतिया (153) जैसे खिलाड़ियों ने अच्छी शुरुआत की, लेकिन वे पारी को आगे बढ़ाने में असफल रहे। घरेलू टीम को आरसीबी के गेंदबाजों के खिलाफ उनसे अच्छे योगदान की जरूरत होगी। आरसीबी के मुख्य तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और यश दयाल सनराइजर्स हैदराबाद के मजबूत बल्लेबाजी लाइन अप के खिलाफ असाधारण रहे। लेग स्पिनर कर्ण शर्मा और कामचलाऊ तेज गेंदबाज ग्रीन ने अपने मुख्य गेंदबाजों का सहयोग करते हुए समान चार विकेट लिए। इसलिए अब दिन में होने वाले इस मैच में गुजरात की बल्लेबाजी को देखते हुए वे और सुधरे हुए प्रदर्शन की उम्मीद करेंगे। दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11 गुजरात टाइटंसरू ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, अजमतुल्लाह ओमरजई, राहुल तेवतिया, शाहरुख खान, राशिद खान, आर साई किशोर, नूर अहमद, मोहित शर्मा, संदीप वॉरियर ख्इम्पैक्ट सबरू साई सुदर्शन, रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरुरू विराट कोहली, फाफ डुप्लेसिस (कप्तान), विल जैक्स, रजत पाटीदार, कैमरन ग्रीन, दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, लोकी फर्ग्यूसन, मोहम्मद सिराज, यश दयाल ख्इम्पैक्ट सबरू स्वप्निल सिंह, आइए जानते हैं आईपीएल के 17वें सीजन के 45वें मैच के प्रसारण और ऑनलाइन टेलीकास्ट से जुड़ी सारी जानकारी... कब है गुजरात टाइटंस और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच सीजन का 45वां मुकाबला? गुजरात टाइटंस और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2024 का 45वां मुकाबला 28 अप्रैल यानी रविवार को खेला जाएगा। कहां खेला जाएगा गुजरात टाइटंस और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच सीजन का 45वां मैच? गुजरात टाइटंस और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच लीग का 45वां मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। कब शुरू होगा गुजरात टाइटंस और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मैच? गुजरात टाइटंस और रॉयल चौलेंजर्स बेंगलुरु के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार दोपहर साढ़े तीन बजे से खेला जाएगा। टॉस उससे आधे घंटे पहले यानी दोपहर तीन बजे होगा। कौन से टीवी चौनल पर प्रसारित होगा मैच? स्टार स्पोर्ट्स के पास इंडियन प्रीमियर लीग के प्रसारण के अधिकार हैं। अंग्रेजी में लाइव कमेंट्री स्टार स्पोर्ट्स 1 एचडीध्एसडी पर और हिंदी कमेंट्री स्टार स्पोर्ट्स हिंदी एचडीध्एसडी पर उपलब्ध होगी। स्टार स्पोर्ट्स चौनल हिंदी और अंग्रेजी के अलावा कई अन्य भाषाओं में लाइव कमेंट्री प्रदान करेगा। फोन या लैपटॉप पर कैसे देख सकते हैं लाइव मैच? इस मैच की लाइव-स्ट्रीमिंग भारत में जियो सिनेमा (श्रपव ब्पदमउं) एप पर देखी जा सकती है। इसके अलावा आप मैच से जुड़ी खबरें, लाइव अपडेट्स और रिकॉर्ड्स ॅ.उंतनरंसं.बवउ पर भी पढ़ सकते हैं। फ्री में कैसे देख सकते हैं लाइव मैच? जियो सिनेमा में इस मैच का प्रसारण हो रहा है। इस एप में लाइव मैच देखने के लिए आपको किसी तरह का शुल्क देने की आवश्यकता नहीं है। आप अपने फोन में जियो सिनेमा एप इंस्टॉल करके फ्री में आईपीएल का यह मुकाबला देख सकते हैं।

# तीरंदाजी कप: ज्योति ने स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगाई, भारत ने कम्पाउंड टीम स्पर्धाओं में स्वीप किया

**चौम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन के बूते शनिवार को यहां शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक बनाकर भारतीय दबदबे की अगुआई की। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने सत्र के शुरूआती वैश्विक टूर्नामेंट में मेक्सिकों की शीर्ष वरीय आंद्रिया बेसेरा को शूट-ऑफमें 146=146 (9'-9) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की।**



एशियाई खेलों की चौम्पियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने शानदार प्रदर्शन के बूते शनिवार को यहां शंघाई में चल रहे तीरंदाजी विश्व कप के पहले चरण में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक बनाकर भारतीय दबदबे की अगुआई की। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी ज्योति ने सत्र के शुरूआती वैश्विक टूर्नामेंट में मेक्सिकों की शीर्ष वरीय आंद्रिया बेसेरा को शूट-ऑफ में 146=146 (9'-9) से हराकर यह उपलब्धि हासिल की। ज्योति ने इस तरह पिछले साल हांगझोऊ एशियाड की उपलब्धि की बराबरी की जिसमें विजयवाड़ा की 27 वर्षीय तीरंदाज ने व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में जीत हासिल करते हुए स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाई थी। सुबह के सत्र में भारत ने गैर-ओलंपिक कंपाउंड तीरंदाजी में अपना दबदबा बनाते हुए टीम स्पर्धाओं में क्लीन स्वीप करते हुए स्वर्ण पदकों की हैट्रिक लगायी तथा पुरुष टीम, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धा जीतीं। इनमें से दो में ज्योति टीम का हिस्सा रहीं। ज्योति सुरेखा वेन्नम, अदिति स्वामी और परनीत कौर की तिकड़ी ने महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा ने इटली को 236 . 225 से हराया। भारतीय तिकड़ी ने 24 तीरों में सिर्फचार अंक गंवाये और छठी वरीयता प्राप्त इटली को बड़े अंतर से हराकर स्वर्ण पदक से खाता खोला। पुरूष टीम में अभिषेक वर्मा, प्रियांश और प्रथमेश एफने नीदरलैंड को 238 . 231 से मात दी। नीदरलैंड की टीम में माइक शोलेसर, सिल पीटर और स्टेफ विलेम्स थे। इसके बाद भारत की मिश्रित टीम ने कंपाउंड वर्ग में तीसरा स्वर्ण पदक जीतकर क्लीन स्वीप किया। दूसरी वरीयता प्राप्त ज्योति और अभिषेक की जोड़ी ने एस्तोनिया की लिसेल जात्मा और रोबिन जात्मा की मिश्रित जोड़ी को रोमांचक मुकाबले में 158-157 से मात दी। मौजूदा एशियाई खेलों की चौम्पियन ज्योति के लिए यह दोहरा स्वर्ण पदक था। वह व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक की दौड़ में है और दिन के अंत में अपना सेमीफाइनल खेलेगी। शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला कंपाउंड टीम ने दिन के पहले मैच में 24 तीरों से केवल चार अंक गंवाए और छठी वरीयता प्राप्त इटली को हरा दिया। छह छह तीरों के पहले सेट में भारतीय टीम ने सिर्फदो बार परफेक्ट 10 नहीं बनाया और मार्सेला तोनिओली, इरेने फ्रांचिनी और एलिसा रोनेर की इतालवी टीम पर 178 . 171 से बढत बना ली। चौथी वरीयता प्राप्त पुरूष टीम ने 60 स्कोर करके परफेक्ट शुरूआत की और अगले दो सेट में दो ही अंक गंवाये। इसके बाद फाइनल सेट में परफेक्ट 60 स्कोर करके जीत दर्ज की। कंपाउंड मिश्रित टीम स्पर्धा में ज्योति और अभिषेक ने 40 के स्कोर से परफेक्ट शुरूआत कर तीन अंक की बढ़त बनायी। भारतीय जोड़ी 119-117 की बढ़त बनाये थी और उसे अंत में 40 में से 39 अंक की जरूरत थी और उन्होंने ऐसा करके देश को तीसरा स्वर्ण पदक दिलाया। दोपहर के सत्र में ज्योति व्यक्तिगत चौम्पियन बनीं। भारतीय तीरंदाज को पहले तीन प्रयास में परफेक्ट स्कोर के लिए संघर्ष करना पड़ा और आंद्रिया ने 88-87 की बढ़त बना ली। लेकिन ज्योति चौथे राउंड में परफेक्ट स्कोर बनाने में सफल रही। पांचवें राउंड में आंद्रिया दबाव में आकर दो अंक गंवा बैठी। वहीं ज्योति ने 29 का स्कोर बनाकर स्कोर 146 ऑल कर दिया, जिसके लिए शूट-ऑफकरना पड़ा। दोनों ने शूट ऑफमें नौ ऑल शॉट लगाये लेकिन ज्योति का तीर इनर रिंग के करीब था जिससे उन्होंने अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीत लिया। प्रियांश भी कंपाउंड वर्ग में व्यक्तिगत पदक की दौड़ में हैं। रिकर्व वर्ग में पदक राउंड रविवार को होंगे और भारत की निगाहें ओलंपिक वर्ग में दो स्वर्ण पदक जीतने पर लगी होंगी। भारतीय पुरुष टीम स्वर्ण पदक मुकाबले में ओलंपिक चौम्पियन दक्षिण कोरिया से भिड़ेगी। दीपिका कुमारी व्यक्तिगत पदक की दौड़ में हैं और महिला रिकर्व वर्ग में दक्षिण कोरियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ अपना सेमीफाइनल खेलेंगी।




# भारतीय एथलीट खुद को दुनिया के शीर्ष एथलीटों से कम नहीं समझते: तूर



**एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तजिंदरपाल सिंह तूर ने कहा कि चोपड़ा की उपलब्धि के बाद मानसिकता में आए बदलाव ने भारतीय एथलीटों को विश्वास दिलाया है कि वे पेरिस ओलंपिक में सिर्फभाग लेने के लिए नहीं बल्कि जीतने के लक्ष्य के साथ जा रहे हैं।**

भारतीय के शीर्ष गोला फेंक खिलाड़ी तजिंदरपाल सिंह तूर का मानना है कि तोक्यो ओलंपिक में विश्व चौंपियन नीरज चोपड़ा के ऐतिहासिक स्वर्ण पदक से भारतीय खिलाड़ियों का 'विश्वास बढ़ा' है और वे खुद को 'शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं' समझते हैं। दो बार के एशियाई खेलों के स्वर्ण पदक विजेता तूर ने कहा कि चोपड़ा की उपलब्धि के बाद मानसिकता में आए बदलाव ने भारतीय एथलीटों को विश्वास दिलाया है कि वे पेरिस ओलंपिक में सिर्फ भाग लेने के लिए नहीं बल्कि जीतने के लक्ष्य के साथ जा रहे हैं। तूर ने शनिवार को यहां 'टीसीएस विश्व 10के बेंगलुरु' की पूर्व संध्या पर आयोजित एक पैनल चर्चा में कहा, '' तोक्यो ओलंपिक खेलों में नीरज चोपड़ा के स्वर्ण पदक के बाद से खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ा है। हम में से हर कोई इसमें केवल भाग लेने के लिए नहीं जा रहा है। हम पदक जीतने की मानसिकता के साथ वहां जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''मुझे लगता है कि आज मानसिकता में बदलाव आया है। हम अपने आप को उन शीर्ष वैश्विक एथलीटों से कम नहीं समझते जिनके साथ हम प्रतिस्पर्धा करते हैं। विश्व चौंपियनशिप के नतीजों को देखें, हमारे पास नीरज और किशोर जेना पोडियम पर थे। हमारे पास डीपी मनु भी थे। वह इसी स्पर्धा के फाइनल में पहुंचे थे।'' चर्चा में 27 बार के आईबीएसएफ विश्व चौंपियन पंकज आडवाणी, शीर्ष निशानेबाज तेजस कृष्ण प्रसाद, स्क्वाश स्टार जोशना चिनप्पा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय एथलीट और अर्जुन पुरस्कार विजेता अश्विनी नचप्पा भी शामिल थे।

# सोने के वायदा भाव गिरकर 71 हजार रुपए से नीचे, चांदी भी फिसली

**नयी दिल्ली।** बुधवार की तेजी के बाद सोने चांदी के वायदा भाव में आज नरमी देखी जा रही है। दोनों के वायदा भाव आज गिरावट के साथ खुले। खबर लिखे जाने के समय सोने के वायदा भाव 70,650 रुपए के करीब, जबकि चांदी के वायदा भाव 81,700 रुपए के करीब कारोबार कर रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने चांदी के वायदा भाव की शुरुआत गिरावट के साथ हुई। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (मैक्स) पर सोने का बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट आज 272 रुपए की गिरावट के साथ 70,778 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 386 रुपए की गिरावट के साथ 70,664 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 70,778 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 70,650 रुपए के भाव पर दिन का निचला स्तर छू लिया। सोने के वायदा भाव ने इस महीने 73,958 रुपए के भाव पर सर्वोच्च स्तर छू लिया। मैक्स पर चांदी का बेंचमार्क मई कॉन्ट्रैक्ट आज 174 रुपए की गिरावट के साथ 82,060 रुपए के भाव पर खुला। खबर लिखे जाने के समय यह कॉन्ट्रैक्ट 527 रुपए की गिरावट के साथ 81,707 रुपए के भाव पर कारोबार कर रहा था। इस समय इसने 82,060 रुपए के भाव पर दिन का उच्च और 81,501 रुपए के भाव निचला स्तर छू लिया। इस महीने चांदी के वायदा ने 86,126 रुपए किलो के भाव पर उच्चतम स्तर छू लिया था। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोने-चांदी के वायदा भाव की शुरुआत आज सुस्ती के साथ हुई। कोमैक्स पर सोना 2,327.39 डॉलर प्रति औंस के भाव पर खुला। पिछला क्लोजिंग प्राइस 2,338.40 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 7.30 डॉलर की गिरावट के साथ 2,331.10 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था। कोमैक्स पर चांदी के वायदा भाव 27.18 डॉलर के भाव पर खुले, पिछला क्लोजिंग प्राइस 27.34 डॉलर था। खबर लिखे जाने के समय यह 0.06 डॉलर की गिरावट के साथ 27.28 डॉलर प्रति औंस के भाव पर कारोबार कर रहा था।

## SPORTS न्यूज़

### गुकेश ने विश्वनाथन आनंद को दिया जीत का श्रेय, कहा- विशी सर नहीं होते तो आज जहां हूं उसके करीब नहीं होता

भारतीय शतरंज स्टार डी गुकेश ने उनके कैरियर को निखारने में अहम भूमिका निभाने वाले महान खिलाड़ी विश्वनाथन आनंद को धन्यवाद देते हुएबृहस्पतिवार को कहा कि अगर आनंद नहीं होते तो वह आज जिस मुकाम पर हैं, उसके करीब भी नहीं होते। 17 बरस के गुकेश ने टोरंटो में कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट जीतकर इतिहास रच दिया और वह विश्व चैम्पियनशिप खिताब के सबसे युवा चैलेंजर बन गए। उन्होंने 40 साल पुराना गैरी कास्पोरोव का रिकॉर्ड तोड़ा। वह साल के आखिर में मौजूदा विश्व चैंपियन चीन के डिंग लिरेन को चुनौती देंगे। आनंद के बाद कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतने वाले गुकेश ने स्वदेश लौटने के बाद यहां प्रेस कांफ्रेंस में कहा,''बहुत अच्छा लग रहा है। विश्वनाथन आनंद मेरे प्रेरणास्रोत हैं और उनकी अकादमी से काफी फायदा मिला। उन्होंने मेरे कैरियर में अहम भूमिका निभाई और आज मैं जिस मुकाम पर हूं उसके करीब भी नहीं होता अगर वह नहीं होते।'' गुकेश ने 2020 में स्थापित वेस्टब्रिज आनंद शतरंज अकादमी में अभ्यास किया है। लिरेन के खिलाफमुकाबले के बारे में उन्होंने कहा,'' सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि मैं तैयारी कैसे करता हूं। मुझे सही मानसिक तैयारी के साथ उतरना होगा क्योंकि यह बड़ा मैच है।'' उन्होंने कहा,'' काफी अपेक्षायें हैं और बहुत कुछ दाव पर है। मुझे खुद पर पूरा भरोसा है और मैं इसी रणनीति के साथ खेलूंगा। उम्मीद है कि यह कारगर साबित होगी।'' उन्होंने कहा,'' मुझे यह देखकर खुशी हो रही है कि मेरी जीत के देश के लिये क्या मायने हैं। जोश से भरे बच्चों को इस तरह मेरा स्वागत करते देखकर अच्छा लगा। यह काफी खास है और मेरे लिये बहुत मायने रखता है।

### हर वो बल्ला मेरे पास है जिससे अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा

दो बार के विश्व कप विजेता आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उन्होंने हर वो बल्ला संभालकर रखा है जिससे उन्होंने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक जड़ा है और उस पर विरोधी टीम का नाम तथा अपना स्कोर भी उन्होंने लिख रखा है। दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच पोंटिंग अपने दौर के बेहतरीन बल्लेबाजों में से थे। उन्होंने युवा क्रिकेटरों को किट देने की 'डीपी वर्ल्ड बियोंड बाउंड्रीज' पहल के मौके पर यह बात कही। क्रिकेट को 2012 में अलविदा कहने वाले पोंटिंग ने 71 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाये हैं जिनमें 41 टेस्ट शतक शामिल हैं। पोंटिंग ने कहा,'' आप विश्वास करें या नहीं लेकिन मेरे घर पर मेरा पहला बल्ला भी रखा है। इस पर स्टिकर्स लगे हैं। हमारे घर में करीब एक हजार बल्ले हैं। जिस भी बल्ले से मैंने अंतरराष्ट्रीय शतक जड़ा था, वह मेरे पास है। इस पर मैंने अपना स्कोर और विरोधी टीम का नाम भी लिखा है।'' उनकी यादगार पारियों में भारत के खिलाफ2003 वनडे विश्व कप फाइनल में जड़े नाबाद 140 रन शामिल है। उस समय भारतीय टीम के कप्तान रहे सौरव गांगुली अब दिल्ली कैपिटल्स के क्रिकेट निदेशक हैं और वह भी इस मौके पर मौजूद थे। गांगुली ने अपने पहले बल्ले के बारे में कहा,'' मैं 13 साल का था जब पहला बल्ला खरीदा। गेंद को बल्ले से मारकर हवा में जाते देखकर मैं बहुत खुश होता था।

### दिल्ली कैपिटल्स का सामना खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई से, शनिवार को होगी भिड़ंत

ऋषभ पंत के शानदार फॉर्म और बेहतरीन कप्तानी से आत्मविश्वास से ओतप्रोत दिल्ली कैपिटल्स शनिवार को इंडियन प्रीमियर लीग में खराब फॉर्म से जूझ रही मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय को कायम रखने का होगा। दिल्ली कैपिटल्स ने टूर्नामेंट में टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन करते हुए कई मुकाबलों में शानदार जीत दर्ज की तो कई में शर्मनाक हार भी झेली। पिछले चार मैचों में से तीन जीतकर हालांकि वह अंकतालिका में छठे स्थान पर पहुंच गई और मुंबई को हराने पर प्लेआफका उसका दावा पुख्ता हो जायेगा। दूसरी ओर खराब शुरूआत के बाद मुंबई ने अगले चार में से तीन मैच जीते लेकिन पिछले मैच में राजस्थान रॉयल्स से नौ विकेट से हार गई। अंकतालिका में आठवें स्थान पर काबिज मुंबई के लिये अब एक हार भी भारी पड़ सकती है। दिल्ली के लिये सबसे सकारात्मक बात कप्तान ऋषभ पंत का फॉर्म रही है जो मैच दर मैच निखरते जा रहे हैं। विकेट के पीछे उनका प्रदर्शन लाजवाब रहा है और बल्लेबाजी में खुलकर खेल रहे हैं। गुजरात टाइटंस के खिलाफबुधवार को उन्होंने मैच जिताने वाली नाबाद पारी खेली। संजू सैमसन, दिनेश कार्तिक और ईशान किशन से कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद टी20 विश्व कप की टीम में उनका जगह बनाना तय लग रहा है। जैक फ्रेसर मैकगुर्क के रूप में दिल्ली को शीर्षक्रम का अच्छा बल्लेबाज मिला है लेकिन सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव से बेहतर प्रदश्रन की उम्मीद है क्योंकि इंपैक्ट सब्स्टीट्यूट के रूप में उनकी जिम्मेदारी सिर्फबल्लेबाजी की है। पिछले मैच में डेविड वॉर्नर की जगह खेलने वाले शाई होप कोई कमाल नहीं कर सके लिहाजा आस्ट्रेलियाई बल्लेबाज की टीम में वापसी हो सकती है। ट्रिस्टन स्टब्स प्रभावी रहे हैं जबकि गुजरात के खिलाफबल्लेबाजी क्रम में ऊपर आने वाले अक्षर पटेल ने भी शानदार प्रदर्शन किया है। कुलदीप यादव और अक्षर ने स्पिन गेंदबाजी का कमाल दिखाया है लेकिन दिल्ली के तेज गेंदबाजों को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्किया ने 14 के आसपास के इकॉनॉमी रेट से रन दिये हैं। खलील अहमद, मुकेश कुमार और ईशांत शर्मा भी प्रभावी नहीं रहे हैं। मुंबई इंडियंस ने इस सत्र में पहली जीत दिल्ली के खिलाफही दर्ज की थी और कप्तान हार्दिक पंड्या उसे दोहराना चाहेंगे। रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव और तिलक वर्मा ने टुकड़ों में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि टिम डेविड, ईशान किशन और हार्दिक बड़ी पारियां नहीं खेल सके हैं। गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह ट्रंपकार्ड रहे हैं जिन्होंने छह के करीब की औसत से 13 विकेट लिये हैं। दक्षिण अफ्रीका के गेराल्ड कोएत्जी ने 10 . 10 की इकॉनॉमी रेट से 12 विकेट लिये हैं। दोनों टीमें इस प्रकार हैं मुंबई इंडियंसरू हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, डेवाल्ड ब्रेविस, जसप्रीत बुमराह, पीयूष चावला, जेराल्ड कोएत्जी, टिम डेविड, श्रेयस गोपाल, ईशान किशन (विकेटकीपर), अंशुल कंबोज, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल, क्वेना मफाका , मोहम्मद नबी, शम्स मुलानी, नमन धीर, शिवालिक शर्मा, रोमारियो शेफर्ड, अर्जुन तेंदुलकर, नुवान तुषारा, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा, ल्यूक वुड। दिल्ली कैपिटल्सरू ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड वार्नर, पृथ्वी साव, यश ढुल, अभिषेक पोरेल, अक्षर पटेल, ललित यादव, मिशेल मार्श, प्रवीण दुबे, विक्की ओस्टवाल, एनरिक नोर्किया, कुलदीप यादव, जेक फ्रेजर-मैकगर्क, खलील अहमद, इशांत शर्मा, मुकेश कुमार, ट्रिस्टन स्टब्स, रिकी भुई, कुमार कुशाग्र, रसिख डार, झाय रिचर्डसन, सुमित कुमार, स्वास्तिक चिकारा, शाई होप।

### राहुल द्रविड़ ने एक बार फिर जीता फैंस का दिल, कतार में खड़े होकर राहुल द्रविड़ ने किया मतदान

पूर्व भारतीय कप्तान और भारतीय क्रिकेट टीम के मौजूदा कोच राहुल द्रविड़ शुक्रवार को बेंगलुरु में अपना वोट डालने के लिए पोलिंग पूथ पर पहुंचे। जहां वोट डालने के बाद उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि हर किसी को वोट करना चाहिए। ये अवसर लोकतंत्र में ही मिलता है। द्रविड़ के पूर्व साथी और महान भारतीय स्पिनर अनिल कुंबले ने भी बेंगलुरु में अपने अधिकार का इस्तेमाल करते हुए मतदान किया। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को कर्नाटक की 14 सीटों पर मतदान हो रहा है। खास बात ये रही कि राहुल द्रविड़ ने एक सामान्य नागरिक की तरह कतार में खड़े होकर अपनी बारी आने का इंतजार किया और फिर मतदान किया। द्रविड़ हमेशा से ही टटप्च् कल्चर से परे होकर सामान्य नागरिक की तरह ही रहते हैं। उन्होंने एक बार फिर इस बात पर मुहर लगा दी है। दरअसल, लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शुक्रवार को 13 राज्यों की 88 सीटों पर मतदान हो रहा है। इन सीटों में बेंगलुरु की सीट भी शामिल हैं, जहां पर भारतीय टीम के हेड कोच ने मतदान किया। द्रविड़ बेंगलुरु नॉर्थ के डॉलर कॉलोनी स्थित मतदान केंद्र के मतादाता हैं।

### 2 खिलाड़ियों को मौका, आईपीएल में अभी तक रहे फ्लॉप

टी20 वर्ल्ड कप की शुरुआत 1 जून से होगी। इस बार टूर्नामेंट की मेजबानी वेस्टइंडीज और अमेरिका कर रहे हैं। जल्द ही सभी टीमें विश्व कप को लेकर अपनी-अपनी टीमों की घोषणा कर सकती हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, श्रीमती विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा त्रिपाठी प्रिंटिंग प्रेस 12/29, पुराना किला, कैण्ट रोड, लखनऊ 226001 (उ.प्र.) से मुद्रित कराकर 1372/12 न्यू गुडौरा बेहसा शहीदपथ लखनऊ 226008 (उ.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक-अनूप सिंह
मोबाइल नं. 7905289865,9839177720 Email- tvnews1979@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ ही मान्य होगा।